ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 21 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-307, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


संसेक्स
80,802.86 ▲ +378.18

डॉलर
83.756 ▲ -0.075

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,750
01 किलो 84,850

पेज 10


चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर ...


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


## शीर्ष अदालत ने कहा- ये सिर्फ कोलकाता में हत्या का नहीं, देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा का मामला है

# सुप्रीम कोर्ट ने गठित किया नेशनल टास्क फोर्स

- सीबीआई को कल तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश
- कोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार, कहा- हजारों लोग कैसे घुसे अस्पताल में
- अदालत ने कहा- डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आएं


कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये सिर्फ कोलकाता में हत्या का मामला नहीं, ये मुद्दा देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा का है।

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को भी फटकार लगाई कि कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी, हत्या के बाद देर रात तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। कोर्ट ने कहा कि हजारों लोगों की भीड़ आरजी कर अस्पताल में कैसे घुसी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हम एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन कर रहे हैं। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमि के डॉक्टर होंगे, जो पूरे भारत में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों का सुझाव देंगे, ताकि काम की सुरक्षा की स्थिति बनी रहे और युवा डॉक्टर अपने काम के माहौल में सुरक्षित रहें। कोर्ट ने 14 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन करने का आदेश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हम डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आएं और हम डॉक्टरों से अपील करते हैं कि हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं। कोर्ट ने कहा कि कोलकाता के मामले में हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि पीड़िता का नाम और मृतक की फोटो व वीडियो सभी मीडिया में प्रकाशित हो रहे हैं। उसका शव दिखाया गया, जबकि कोर्ट कहता है कि यौन पीड़ितों के नाम प्रकाशित नहीं किए जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### टास्क फोर्स में ये लोग हैं शामिल

सुप्रीम कोर्ट ने जिन लोगों को टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया है, उनमें वाइस एडमिरल सर्जन आरके सरीन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल गैस्ट्रोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रेड्डी, एम्स दिल्ली के डायरेक्टर डॉ एम श्रीवास, निमहंस बेंगलुरु की डॉ प्रतिमा मूर्ति, एम्स जोधपुर के डायरेक्टर डॉ पुरी, सर गंगाराम अस्पताल के एमडी डॉ रावत, दिल्ली एम्स की हृदयरोग विशेषज्ञ प्रो अनिता सक्सेना, मुंबई मेडिकल कॉलेज की डीन प्रो पल्लवी सप्रे और एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग की डॉ पद्मा श्रीवास्तव शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन नौ नामों के अलावा पांच पदेन सदस्यों को नियुक्त किया है। जो पांच पदेन सदस्य होंगे, उनमें केंद्रीय कैबिनेट सचिव, केंद्रीय गृह सचिव, परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, नेशनल मेडिकल कमीशन के चेयरपर्सन और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स के अध्यक्ष शामिल होंगे।

### स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय का निर्देश, किए जाएं सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के मद्देनजर एम्स सहित सभी केंद्रीय अस्पतालों को पत्र लिखा है। सभी अस्पतालों को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि चिकित्साकर्मियों के साथ अपराध मंजूर नहीं है। पत्र में यह भी कहा गया कि निजी अस्पतालों की तुलना में सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए सुलभ होते हैं। इसी वजह से निजी अस्पतालों में आपराधिक कृत्य अधिक होते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा के उचित बंदोबस्त करना अस्पताल का दायित्व बनता है। इसमें लिखा है कि जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकर्मियों के साथ हिंसक व आपराधिक कृत्य की खबरें प्रकाश में आ रही हैं, उससे स्पष्ट है कि मौजूदा सुरक्षा-व्यवस्था अपर्याप्त है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि अस्पताल के प्रवेश व निकासी द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि आने-जाने वाले सभी लोगों की गतिविधियों को कैमरों में कैद किया जा सके। अगर कोई अप्रिय घटना कैद होती है, तो अपराधी को तुरंत पकड़ने में मदद मिले। चिट्ठी के मुताबिक अस्पताल में निकासी और प्रवेश द्वार साथ ही सभी संवेदनशील परिसरों में भी कैमरे लगाए जाएं। इसके अलावा परिसर में सभी प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त संख्या में तैनात किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर समय रहते काबू पाया जा सके। साथ ही, कहा गया है कि मरीजों के साथ दो ज्यादा तीमारदार को अस्पताल में प्रवेश करने की इजाजत न दी जाए। वहीं, अगर कभी इस बात का पता चले कि कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति अस्पताल में है और अंदेशा हो कि वह किसी को नुकसान पहुंचा सकता है, तो उसे तत्काल बाहर किया जाए।

### 100 छात्राओं से गैंगरेप व ब्लैकमेल में सभी छह दोषियों को उम्रकैद

**- पोक्सो अदालत ने प्रत्येक आरोपितों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया**

एजेंसी

अजमेर कांड

**अजमेर।** अजमेर में 32 साल पहले हुए बहुचर्चित अश्लील ब्लैकमेल कांड में दोषी करार छह आरोपितों को अजमेर की पोक्सो प्रकरण की विशिष्ट अदालत संख्या दो ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पहले अजमेर के पॉक्सो कोर्ट ने आज सुबह ही 6 आरोपितों को दोषी ठहराया था। इस मामले की पीड़ित महिलाओं और उनके परिजनों को यह फैसला आने का इंतजार था। सभी ने इसे न्याय की जीत कहा। मंगलवार को फैसला सुनाए जाने के समय कोर्ट में छह आरोपित नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन मौजूद थे, जबकि एक आरोपित इकबाल भाटी को एम्बुलेंस के जरिए दिल्ली से अजमेर लाया गया। इन छह आरोपितों पर चार्जशीट 23 जून, 2001 को पेश हुई थी। इनकी सुनवाई इसी साल जुलाई में पूरी हुई है। तब आरोपितों में से एक इकबाल के हाजिर नहीं होने पर अदालत ने फैसला 20 जुलाई तक रोक लिया था। इन सभी को दोषी मानते हुए अदालत ने आज दोपहर दो बजे बाद निर्णय सुनाया। यह मामला 32 साल पुराना है, जब अजमेर के कई कॉलेजों की 100 से ज्यादा छात्राओं को फोटो खींचकर ब्लैकमेल किया गया था। वर्ष 1992 में इस प्रकरण के उजागर होने के बाद उपरोक्त छह आरोपितों के साथ जिन नौ आरोपियों को चिह्नित किया था, उनमें फारूक चिश्ती, अनवर चिश्ती, परवेज अंसारी, पुत्तन इलाहाबादी, इशरत उर्फ लल्ली, महेश लुधानी, कैलाश सोनी, हरीश तोलानी व शम्सु भिश्ती उर्फ मेराडोना शामिल हैं। सभी को अजमेर की गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 104 गवाह और 245 दस्तावेज पेश किए गए हैं। इस मामले में कुल अट्ठारह आरोपितों में से नौ आरोपितों को पहले ही अजमेर के सेशन कोर्ट से उम्र कैद की सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि एक आरोपित आत्महत्या कर चुका है। एक आरोपित अलमास महाराज फरार है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान गिरफ्तार हुए पुत्तन इलाहाबादी का रिश्तेदार इलाहाबाद निवासी नसीम उर्फ टार्जन जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था, जो बाद में पकड़ा गया। अदालत ने उसके खिलाफ अलग से सुनवाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सुनवाई 10 बड़ी बातें

1. यह घटना केवल एक भयावह घटना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा की कमियों का प्रमाण है।
2. सीजेआई ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे सुधारने की आवश्यकता है।
3. अगर महिलाएं काम पर नहीं जा सकतीं और सुरक्षित नहीं रह सकतीं, तो हम उन्हें बुनियादी समानता से वंचित कर रहे हैं।
4. पीड़िता की पहचान उजागर होने पर कोर्ट ने चिंता व्यक्त की और इसे चिंताजनक बताया।
5. सीजेआई ने कहा कि पूर्व प्रिंसिपल ने घटना को आत्महत्या बताने की कोशिश की और माता-पिता को शव देखने की अनुमति नहीं दी।
6. शीर्ष कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाते हुए पूछा कि एफआईआर में इतनी देरी क्यों की गई और अस्पताल प्रशासन क्या कर रहा था।
7. अस्पताल में हुई तोड़फोड़ पर सवाल उठाते हुए कोर्ट ने कहा कि पुलिस को घटनास्थल की सुरक्षा करनी चाहिए थी। 7 हजार लोग अस्पताल में कैसे दाखिल हुए?
8. अदालत ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर सख्ती उचित नहीं है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन को नहीं रोका जा सकता।
9. सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल की भूमिका पर सवाल उठाए।
10. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टरों से आग्रह है कि वे अपने काम पर लौट जाएं।

## एक नजर

### भारत बंद आज, झामुमो ने दिया समर्थन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 21 अगस्त के भारत बंद को समर्थन दिया है। इस संबंध में मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने एक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजक के लिए जारी किया गया है। इधर, रांची के कई स्कूलों ने भारत बंद को लेकर 21 अगस्त को अपने विद्यालय को बंद रखा है। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में उप वर्गीकरण एवं क्रिमीलेयर लागू करने के निर्णय को लेकर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा से जुड़े सभी संगठन ने 21 को भारत बंद बुलाया है।

### जमशेदपुर से उड़ान भरने के बाद प्रशिक्षण विमान लापता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह उड़ान भरने के बाद लापता अलकेमिस्ट एविएशन के प्रशिक्षण विमान के बारे में देर रात तक पता नहीं चल सका है। विमान के क्रैश होने की आशंका जताई जा रही है। विमान में पायलट के अलावा एक ट्रेनी सवार था। एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला जिला प्रशासन की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। हवाई अड्डे के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि यह दो सीटों वाला सेसना 152 विमान था, जिसने सुबह 10:30 बजे सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। इसके 50 मिनट बाद 11:20 बजे विमान का संपर्क टूट गया।

## आज | कल




## घर पर पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के तासु पंचायत के बंदर लोरिया गांव में शाम साढ़े चार बजे के एक घर पर अचानक पेड़ गिर जाने से घर के अंदर खेल रहे तीन बच्चों की मौक पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक तीनों बच्चो की उम्र तीन से दस वर्ष बताई गई है। मृतक बच्चों में कजरु भुइयां के तीन वर्षीय पुत्र लक्की भुइयां, दस वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी, रवि भुइयां के चार वर्षीय पुत्री रौशनी कुमारी का नाम शामिल है। पेड़ गिरने के आवाज को सुन घर वाले और आसपास के लोगो ने दौड़कर बच्चों को निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाल गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बच्चो की मौत से पूरा गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की चित्कार से गांव में मातम पसर गया। पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति



अनिल उरांव को सूचना मिली तो वे अपने गांव से आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। तत्काल ही इसकी सूचना प्रशासन को दी। पूर्व मुखिया अनिल उरांव ने बताया की घर के पीछे सेमर का बड़ा सुखा पेड़ था जो अचानक गिर गया और घर के अंदर मौजूद बच्चे उसकी चपेट में आ गये। इस हादसे से तीनों बच्चों के माता पिता कजरु भुइयां उसकी पत्नी सरिता देवी, रवि भुइयां उसकी पत्नी अनिता देवी का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की चित्कार से मौजूद ग्रामीणों के आंसु नहीं थम रहे थे। पेड़ गिरने से पूरा घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया की बच्चों के माता पिता अत्यंत गरीब और असहाय है। हेरहंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया घटनास्थल पर हेरहंज पुलिस की टीम गई है।

## पुलिस ने किया चोर गिरोह का खुलासा

### पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों में चोरी की कई घटनाओं में शामिल 23 गिरफ़्तार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विगत दो-ढाई माह से प्रमंडल के तीनों जिलोंः पलामू गढ़वा एवं लातेहार जिला के शहरी क्षेत्रों में चोरी की घटना में अप्रत्याशित रूप से अचानक वृद्धि हुई थी। उक्त चोरी की घटना में शामिल अपराधियों के धर-पकड़ एवं चोरी में गये सामानों की बरामदगी हेतू पुलिस अधीक्षक पलामू के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में छापामारी दल को यह सूचना मिली कि पलामू प्रक्षेत्र में मध्य प्रदेश के गुना जिला के पारदी समुदाय के लोग काफी संख्या में रेहला में अस्थायी टेन्ट का निर्माण कर रह रहे है, जिसमें कई पुरुष, महिलायें एवं बच्चे हैं। चोरी की घटनाओं के उद्भेदन हेतु इसी प्रकार से हो रही चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना पुलिस की एक टीम हिमाचल प्रदेश गई थी। वहां भी चोरी करने का तरीका इसी तरह का था।


**खिलौना और बैलून बेचने के नाम करते थे बंद घरों की रेकी :** इन लोगों के द्वारा दिन के समय में खिलौना एवं बैलून बेचने के नाम पर पूरे शहर में टोली बनाकर वैसे घरों को रेकी किया जाता है, जो घर या तो कुछ दिनों से बंद है अथवा जिस घर में आसानी से घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ टीम बनाकर वैसे घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते है। इनका गिरोह घुम घुम कर कभी लातेहार, कभी गढ़वा एवं कभी पलामू के विभिन्न रेलवे स्टेशन के किनारे जाकर रहने लगते है। उपरोक्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी दल के द्वारा रेहला में रह रहे पारदी समुदाय के महिला एंव पुरुष को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उक्त लोगों के द्वारा पलामू के करीब 15 कांड, लातेहार से 03 कांड एवं गढ़वा शहर से 02 कांड एवं अन्य विभिन्न जगहो से चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। तलाशी के क्रम में इनके पास से चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए प्रयोग किये जाने वाले औजार चांदी के जेवर एवं कुछ नगद राशि को बरामद किया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के द्वारा वैसे घरों को निशाना बनाया जाता था जो काफी दिनों से बंद रहा करते थे। चोरी के पहले घुम -घुमकर बैलून बेचने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# चंपाई सोरेन आएं या नहीं भाजपा की तैयारी जोरों पर


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड में कुछ महीनों बाद होनेवाले 81 विधानसभा सीटों के चुनाव की तैयारी में सभी दलों के साथ भाजपा भी लगी है। पिछले लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोटरों के अपेक्षाकृत कम समर्थन को काफी गंभीरता से लेकर पार्टी ने इस बार राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 28 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति के तहत काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लेकर सभी चर्चित आदिवासी नेता और कार्यकर्ता लगातार या तो क्षेत्र में घूम रहे हैं या सभी की नाराजगी दूर कर संगठन को मजबूत करने के लिए रांची में कई सम्मेलन कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार इस बार प्रत्याशी चयन में सावधानी से लेकर संताल परगना व कोल्हान प्रमंडल की सीटों पर विशेष तैयारी की जा रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विधानसभा चुनाव के प्रभारी व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वासरमा पार्टी के नेताओं से सीधा संपर्क कर आगे की रणनीति बनाने में लगे हैं।विधानसभा चुनाव में इस बार बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा, डॉ अरुण उरांव,समीर उरांव, सुदर्शन भगत, दिनेश उरांव, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, लुईस मरांडी सहित पार्टी के कद्दावर नेताओं व पदाधिकारियों को चुनाव में उतारने की तैयारी चल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल पर निर्णय नहीं हुआ है पर अर्जुन मुंडा को खिजरी या खरसावां सीट से चुनाव लड़ाने पर मंथन चल रहा है। सभी आरक्षित सीटों पर जिलाध्यक्षों की अनुशंसित की गयी तीन-तीन नामों पर मंथन चल रहा है। इनके अलावा भी सर्वे या विलय के आधार पर अन्य नामों पर पार्टी विचार कर सकती है।खूंटी में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कड़िया मुंडा के बेटे जगन्नाथ मुंडा की चर्चा है। खिजरी के संभावित नामों में पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा हैं। तोरपा में विधायक कोचे मुंडा। सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा (पूर्व विधायक निर्मल बेसरा के बेटे) पिछले चुनाव में 250 वोट से चूक गए थे, पूर्व विधायक मंत्री विमला प्रधान के सुपुत्र राकेश रविकांत प्रधान और लक्ष्मण बड़ाईक।कोलेबिरा से प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं पूर्व कोलेबिरा विधानसभा चुनाव प्रभारी, सुजान मुंडा और महेंद्र भगत (पूर्व प्रत्याशी)।गुमला से सुदर्शन भगत (पूर्व सांसद व विधायक), पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव और पूर्व प्रत्यशी मिसिर कुजूर।बिशुनपुर से पूर्व राज्यसभा सांसद एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय एसटी आयोग की सदस्य आशा लकड़ा और पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव। सिसई से पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, प्रदेश प्रवक्ता व आइपीएस रहे डॉ अरुण उरांव और जिला परिषद अध्यक्ष गुमला किरण माला बाड़ा। लोहरदगा आजसू गठबंधन की सीट है।इस सीट पर मनीर उरांव जिला अध्यक्ष, बिंदेश्वर उरांव (एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री है)। मांडर से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो (कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए) और डॉ परमेश्वर भगत (यदि शामिल हुए तो)। मनिका से पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, अवधेश सिंह चेरो (एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष)। घाटशिला से पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, लक्ष्मण टुडू (पूर्व विधायक)।सरायकेला से चंपाई सोरेन या उनके पुत्र (अगर भाजपा में शामिल हुए तो), गणेश महली (पूर्व प्रत्याशी)। खरसावां से पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा (अर्जुन मुंडा की पत्नी), जवाहर बानरा पूर्व प्रत्याशी। पोटका से पूर्व विधायक मेनका सरदार, एसटी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र नाथ सरदार। जगरनाथपुर : पूर्व सांसद गीता कोड़ा, मंगल गिलुवा, विपिन पूर्ति।मनोहरपुर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, पूर्व प्रत्याशी शिवा बोदरा, रामेश्वर पैसुम।


चक्रधरपुर से झामुमो से पूर्व विधायक शशि सामड़, मालती गिलुआ (स्वर्गीय लक्ष्मण गिलुआ की पत्नी), विजय मेलगंडी एसटी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री। मझगांव से पूर्व मंत्री बड़कुवंर गगराई, भूषण पाठ पिंगुवा पूर्व प्रत्याशी, अनिल बिरुली।जामा से पूर्व विधायक सीता सोरेन, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, पूर्व दुमका एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष विमल मरांडी। शिकारीपाड़ा से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी परितोष सोरेन, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन।महेशपुर से पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, दुर्गा मरांडी, भाजपा प्रदेश मंत्री, पूर्व विधायक देवीधन टुडू, सुफल मरांडी। लिट्टीपाड़ा- पूर्व प्रत्याशी दानियल किस्कू, साहिब हांसदा, एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य, बाबूधन मुर्मू पूर्व पाकुड़ जिला परिषद अध्यक्ष।

बोरियो से पूर्व विधायक ताला मरांडी, लोबिन हेंब्रम (अगर भाजपा में शामिल हुए) सूर्य नारायण हांसदा (पूर्व प्रत्याशी)।

बरहेट से सिमोन मालतो पूर्व प्रत्याशी, रेणुका मुर्मू, साहिबगंज जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष, रवींद्र टुडू (दुमका आरएसएस के जिला प्रचारक)। तोरपा : कोचे मुंडा, पूर्व बानो मंडल अध्यक्ष अजित कंडुलना, भाजपा जिला महामंत्री निखिल कंडुलना।

तमाड़ से रीता मुंडा, देवी दयाल मुंडा, राजा पीटर (अगर भाजपा के शामिल हुए तो)।दुमका पूर्व डॉ लुईस मरांडी पूर्व मंत्री, गुंजन मरांडी दुमका जिला मंत्री, डॉ अंजुला मुर्मू (जेवीएम से आयी हैं)।

### दिल्ली में भाजपा के किसी नेता से मेरी मुलाकात नहीं हुई : चंपाई



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन प्रकरण पर राज्य की राजनीति में काफी उथल-पुथल मचा हुआ है। पूरा पिक्चर अब तक क्लीयर नहीं है। इस बीच चंपाई सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। निजी काम से मैं दिल्ली आया था। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि यह सब कौन कह रहा है। इधर, चंपाई सोरेन शाम में कोलकाता पहुंच चुके थे। दिल्ली में जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या आप यहां भाजपा के नेता मिलना चाहते थे, तो उन्होंने इस बात को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के किसी नेता से न मिलना चाहता था और न ही मेरी मुलाकात हुई। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे झामुमो से नाराजगी का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को पहले बता दिया हूं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# चार माह से खाद्यान्न नहीं मिलने से आक्रोशित कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

### डीलर के द्वारा अंगूठा लगवा कर नहीं किया गया राशन का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड स्थित इटको पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा चार माह मई, जून, जुलाई व अगस्त का राशन कार्डधारियों के बीच वितरण नहीं किया गया। इससे आक्रोशित कार्डधारी मंगलवार को सफीर आलम के नेतृत्व में विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आक्रोशित कार्डधारियों के द्वारा प्रखंड कार्यालय का घेराव कर अपनी खाद्यान्न की मांग को लेकर नारेबाजी की। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रसाद मरांडी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही बकाया खाद्यान्न वितरण कराने की मांग की। कार्डधारियों के द्वारा बताया गया कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार उनका अंगूठा लेकर पर्ची सभी को उपलब्ध करा दिए हैं। उनके द्वारा कहा गया कि खाद्यान्न प्राप्त होते ही सभी को वितरित कर दिए जाएंगे। लेकिन चार माह बचने के बाद भी किसी भी कार्डधारी को जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया। अगर अगले एक सप्ताह के अंदर खाद्यान्न वितरित नहीं किए गए तो नावाबाजार प्रखंड कार्यालय सहित पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्डधारियों ने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो पलामू उपायुक्त कार्यालय की सामने सामूहिक आत्मदाह करेंगे। जन वितरण प्रणाली दुकानदार यह कहकर अंगूठा लगवाने में सफल हो जाते हैं कि अगर नहीं लगाया गया तो खाद्यान्न लैप्स कर जाएगा। अंगूठा लगाने के बाद खाद्यान्न सुरक्षित हो जाता है; समय के साथ आपको वितरण कर दिया जाएगा। लेकिन ऐसा चार माह बाद भी नहीं हुआ। मौके पर उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, सत्यनारायण सोनी, उपेंद्र सोनी, राजकुमार गुप्ता, शंभू कुमार गुप्ता सहित सैकड़ो महिला पुरुष कार्डधारी मौजूद थे।



#### इस दिशा में पहल की जायेगी : बीडीओ

नावाबाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रसाद मरांडी ने कहा कि सभी कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण हो, इस दिशा में पहल की जाएगी। अब तक खाद्यान्न क्यों नहीं मिला इस संबंध में संबंधित विभागीय पदाधिकारी व जिम्मेवार लोगों से जानकारी ली जाएगी। खाद्यान्न वितरण करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## एक नजर

### बाइक और वैन की टक्कर में मां-पुत्र घायल

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में स्थानीय रविवारीय बाजार के पास सोमवार की रात्रि ओमनी वैन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार मां-पुत्र घायल हो गए हैं। उनकी पहचान इस थाना क्षेत्र के किशुनडीह टोला निवासी 25 वर्षीय भोला कुमार और उनकी मां कौशल्या देवी के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस दुर्घटना में भोला का बायां पैर टूट गया है। जबकि उनकी मां को कमर में गंभीर चोट आई है। वाहन चालक थाना क्षेत्र के वीरधवर गांव का रहने वाला बताया गया है। जो वैन को छोड़कर भाग गया था। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया है। गंभीर रूप से घायल भोला कुमार को उनके परिजन इलाज के लिए मेदिनीनगर ले गए हैं।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**पाटन।** थाना क्षेत्र के लोइंगा गांव निवासी मनोहर साव की पत्नी सुषमा देवी उम्र 30 वर्ष घरेलू विवाद में सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### बुद्ध प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तरवन कला गांव में सम्राट अशोक क्लब शाखा झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में भगवान बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष सरजू मेहता ने किया, जबकि संचालन भूमिदाता समाजसेवी लालदेव मेहता ने किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष सरजू मेहता ने कहा कि बौद्ध धर्म करुणा, मैत्री और शांति का संदेश देता है। बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। यही कारण है कि इसके अनुयायियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ज्ञात हो कि उक्त भूमि समाजसेवी लालदेव मेहता ने सम्राट अशोक क्लब को डेढ़ डिसमिल जमीन प्रतिमा स्थापना के लिए दान में दिया है। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने कार्य को तेजी से आगे बढ़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सरजू मेहता, कोषाध्यक्ष अनिल मेहता, सचिव रविरंजन मेहता, उपाध्यक्ष डोमन मेहता, सदस्य अरविंद मेहता, विजेंद्र मेहता, रघुवर मेहता, मिथिलेश मेहता, कृष्णा मेहता, चंद्रदेव मेहता, शिवन मेहता, विनय मेहता, सुदामा मेहता, दशरथ मेहता, डॉ सुरेंद्र मेहता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### आशुतोष धाम मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन



**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया।भजन कीर्तन कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्रीय चर्चित गायक बीरेंद्र कुमार ने सरस्वती वंदना से की।इसके बाद शिव पार्वती विवाह प्रसंग समेत कई भक्ति गीतों के प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस तरह का आयोजन से भक्ति का माहौल बनता है।भक्ति व आराधना से ही चैन सुकून मिलती है।इस कार्यक्रम में आए कलाकारों को सम्मानित किया गया।भजन कीर्तन के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से आरपीएफ के जेपी यादव, जयप्रकाश प्रसाद,संजय सिंह,सुनील राय, राकेश कुमार,संजय पाठक,रवि कुमार गुप्ता,जयशंकर गुप्ता, युगेश प्रसाद यादव,प्रयाग मेहता,संतोष ठाकुर, छोटेलाल गुप्ता,मन्नू गुप्ता,रवि सिंह,अजित कुमार,सुभाष कुमार, जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

### चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, नर्स अस्पताल में नहीं रहते, कार्रवाई हो : अमित तिवारी

**मनातू।** भारतीय जनता पार्टी मनातू मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में मनातू अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य व्यवस्था की अनुपलब्धता को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के अभाव के लिए झारखंड सरकार के साथ-साथ पलामू के सिविल सर्जन को भी जिम्मेवार ठहराया के साथ मनातू क्षेत्र के लोगों के लिए उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब दिन के 12:00 बजे 2:00 बजे अस्पताल में ताला लटका मिल रहा है तो रात्रि के समय में क्या स्थिति रहती होगी यह किसी से छुपा नहीं है। स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स हो अस्पताल में उपस्थित नहीं रहते हैं, वैसे लोगों पर कार्रवाई हो। खास कर रात्रि सेवा तो बिलकुल ही नहीं है। अस्पताल में बिजली की व्यवस्था नहीं है। साफ-सफाई भी नियमित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन थोड़ी सी भी समस्या होने पर चिकित्सक मरीजों को सीधे जिला मुख्यालय रेफर कर दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। जनता में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आक्रोश में है। मौके पर मनातू मंडल प्रभारी नवेंदु मिश्र, राज गोविंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि बिगु साव, मंडल अध्यक्ष अंतू यादव, हरेंद्र पासवान, संतोष यादव, परमेश्वरी लोहार, बिंदेश्वरी राम, राम दयाल, शाने अहमद, प्रमोद भारती, कमलेश कुमार, जोगिंदर यादव, दीपक यादव, अशोक यादव, अरुण मेहता, शोभन यादव, उदय यादव, लक्ष्मण साह, पिंटू कुमार, नागेंद्र राम, करेश राम, संजीव कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार के साथ कई कार्यकर्ता व ग्रामीण भी उपस्थित थे।

रानमे की खबर को युवा एक्टिविस्ट के ट्वीट पर मिला जवाब

## मोहम्मदगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बनेंगे और अतिरिक्त शेड

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्र के युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने राष्ट्रीय नवीन मेल में मंगलवार को मोहम्मदगंज स्टेशन पर धूप और बारिश से बचाव के नहीं है मुकम्मल इंतजाम, परेशानी शीर्षक से प्रकाशित खबर को टैग करते हुए डीआरएम के अलावा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मदद (हाजीपुर) को ट्वीट की थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मामले में संज्ञान लेते हुए इस स्टेशन में समूचित व्यस्था उपलब्ध कराएं। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्हें रेल सेवा की ओर से एक्शन पर डीआरएम का जवाब मिला है। जिसमें बताया गया है कि प्लेटफॉर्म नंबर 1,2,3 पर 4 छोटे शेड उपलब्ध हैं। प्लेटफॉर्म 4-5 पर 3 बड़े शेड हैं, जो धूप और बरसात में यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत प्लेटफॉर्म 1 पर 2 तथा 2 और 3 पर 3 अतिरिक्त शेड की स्थापना की जानी है। यात्रियों ने युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा के इस कदम की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया है।



पांकी विधायक की अनुशंसा पर पांच सड़कों का मिला तोहफा

## टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा : डॉ. शशिभूषण मेहता

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाबर- पीतांबरपुर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने पांकी विधानसभा क्षेत्र की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि इन सभी पथ क्रमशः जगतपुरवा बेदानी आरसीडी पथ मे प्राथमिक विद्यालय लोटवा से चटकपुर होते हुए कुंदरी डीएलपी पथ तक पथ निर्माण कार्य पांकी लोहारसी, लोवालौंग पथ से गिडी होते हुए कुंदा प्रखंड (चतरा) के गेदरा तक पथ निर्माण कार्य , नौडीहा में पीपल पेड़ से सोनबरसा होते हुए तेतरीयाडीह चौक तक पथ निर्माण कार्य, डीएलपी पथ बसौरा सिवान से तुकार्डीह बस्ती होते हुए जुरू आरईओ पथ तक पथ निर्माण, ग्राम पचमो में पीच रोड से प्रहलाद यादव के घर से यादव टोला होते हुए लोहरा नाला तक पथ निर्माण कार्य आजादी के बाद पहली बार बनेगी। इस गांव के लोग बरसात के दिनों मे लगभग कैद हो जाते हैं। अब सड़क बन जाने से वह प्रखंड मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। विधायक ने कहा कि अब तक जितनी सड़कों, पुल-पुलिया का निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है उनमें कार्य चल रहा है । अन्य पर कुछ दिनों में कार्य शुरू हो जायेगा। स्वीकृत पांच सड़कों का जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, अजय पासवान, सुधीर तिवारी, सुनील कुशवाहा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## ग्रामीणों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन की उपयोगिता पर किए सवाल खड़े

**- 1.13 एकड़ भूमि का अतिक्रमण, एक एएनएम भरोसे संचालन**

**- मतदान और आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उपयोग करने की मांग उठी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित सबसे पुराना स्वास्थ्य उपकेंद्र अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से संचालित भवन की उपयोगिता सवालों के घेरे में आ गई है। दरअसल, सिंचाई विभाग की कॉलोनी परिसर में स्थित सीएचसी भवन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन के बाद से यहां स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियों में काफी कमी आ गई है। सेवानिवृत्ति के कगार पर खड़ी एक एएनएम के भरोसे ही इसका संचालन होने की बात कही जाती है। ऐसे में इसके भवन को वैकल्पिक तौर पर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उपयोग में लाने की बात कही जाने लगी है। साथ ही इसकी 1.13 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर इसकी घेराबंदी कराने की जरूरत बताया जाने लगा है। जिससे किसी भी आम चुनाव के समय मतदान केंद्र के रूप में सुरक्षित तरीके से इसे काम में लिया जा सकता है।

#### रेलपटरी पार करने की जोखिम उठाने से बचने की सलाह

बताया गया कि इस भवन कुल मिलाकर 2-3 डिसमिल भूमि उपलब्ध रह गई है। बाकी पर अवैध कब्जा कर रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक ऑफिस के पार्श्व में एक किमी की दूरी पर ही भव्य भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सुचारू रूप से संचालन के बाद से इस केंद्र का महत्व कमतर हो गया है। ऐसा लगता है कि एएनएम के रिटायर होने के बाद यह स्वास्थ्य उपकेंद्र बंद हो सकता है। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कि अगर इसे बच्चों की पाठशाला में तब्दील कर दिया जाता है, तो झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने जाने में जोखिम उठाने की नौबत नहीं होगी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि स्कूल के तौर पर वैकल्पिक रूप से इस केंद्र को उपयोग में लाने की स्थिति में रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं के लिए इसे बूथ के तौर पर इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

### रेहला थाना परिसर में पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन



**विश्रामपुर।** रेहला थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त थाना प्रभारी संतोष कुमार ने की। इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध और अवैध कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण हेतु लोगों से सुझाव मांगते हुए सहयोग का अपील की गई। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि थाना लोगों के लिए न्याय की पहली उम्मीद होती है,जिसपर रेहला पुलिस शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेगी। किसी के साथ भी अन्याय न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग नहीं होने दिया जायेगा। मौके पर एसआई मोहम्मद एनामुल हक खान,एएसआई कुशेश्वर सिंह,मुन्ना पासवान,मोहन यादव,सांसद प्रतिनिधी अनुज पांडेय, जिला पार्षद विजय रविदास,वरीय बसपा नेता गोपाल राम,डॉ. डीपी शुक्ला,आलोक शुक्ला,दिनेश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी ने बनवायी एक किमी सड़क

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड गांव में वरीय समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह द्वारा निजी खर्च से एक किलोमीटर लंबी सड़क बनवाया गया। यहां बताते चलें कि मुख्य पथ से भोलाटांड़ गांव जाने वाला कच्ची सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई थी। इसके अलावा पूरी सड़क कीचड़ से भर गई थी। उस सड़क से ग्रामीणों का आना-जाना परेशानी का सबब बन चुका था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बबलू सिंह से सड़क मरम्मत करवाने का आग्रह किया था, जिसके बाद सिंह ने पहले जेसीबी मशीन लगवाकर सड़क को समतल कराया और मेटल मोरंग डलवाकर सड़क का निर्माण करवाया। मंगलवार को अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, टीम प्रभारी सलीमुद्दीन अंसारी,प्रवीण सिंह आदि ने सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लिया और अपने देख रेख में निर्माण कार्य पूरा कराया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

रेलवे में होने वाले अपराध पर आरपीएफ ने किया जागरूक

## परेशानी होने पर 139 पर कॉल करें, तत्काल सहायता मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे स्टेशनों ट्रेनों आदि में होने वाले अपराध के प्रति रेलवे स्टेशनों के नजदीक जपला,सतबहिनी, नवगढ़ व छतरपुर आदि गांव के लोगों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सतबहिनी रेलवे स्टेशन पर आम लोगों के साथ साथ यात्रियों को रेलवे में होने वाले अपराध स्टोन पेस्टिंग, रेलवे रैक से कोयला चोरी,अनावश्यक एसीपी, स्टोन पेल्टिग ,सिग्नल गियर से छेड़छाड़, रेलवे परिक्षेत्र में गंदगी फैलाने के साथ साथ यात्रियों के साथ रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में होने वाले अपराध पर भी उन्हें जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि रेलवे में यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर 139 पर कॉल करें, तत्काल सहायता मिल सकती है। उन्होंने रिजर्वेशन बोगी में यात्रा करने वाले लोगों को जानकारी दी की किसी भी समस्या के लिए वह रेल मदद एप के माध्यम शिकायत कर सकते हैं। तत्काल समाधान किया जाएगा। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा कि रेल में वैध टिकट के साथ यात्रा करें। दिव्यांग या महिला बोगी दिव्यांगों व महिलाओं के लिए सुरक्षित होती है। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत यात्रा करने पर जेल या जुर्माना हो सकता है।



**चेन पुलिंग और रेलवे की संपत्ति के साथ छेड़ छाड़ करना अपराध है :** उन्होंने कहा कि चेन पुलिंग या किसी भी तरह रेलवे की संपत्ति के साथ छेड़ छाड़ करना अपराध है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यात्री ट्रेन से सफर करने वाले रेलवे स्टेशन पर ही उतरे या सवार हो। किसी कारण बीच में ट्रेन के रुकने पर उतरना खतरे के साथ साथ रेल अधिनियम के भी खिलाफ है। रेलवे फाटक आम लोगों की सुरक्षा के लिए है। फाटक बंद रहने पर उसके नीचे से दो पहिया वाहन साइकल आदि पार करना गलत है। बड़ी दुर्घटना का शिकार भी हो सकते हैं। ऐसा करने पर जेल या जुमार्ना हो सकता है। रेलवे फाटक के कर्मी को सहयोग करें, वह आम लोगों की सुरक्षा के लिए काम करते हैं। जागरूकता अभियान में एएसआई जेपी यादव, दिनेश प्रसाद के अलावा आरपीएफ के जवान शामिल थे।



## एक नजर

### नीपी विश्वविद्यालय दोपहर एक बजे खुला

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के मुख्य दरवाजे पर 1:00 तक ताला लगा रहा। इस दौरान विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य के लिए पहुंचे विद्यार्थी एवं कर्मचारी बाहर ही में खड़े रहे। उपस्थित छात्रों ने इसकी जानकारी प्रॉक्टर को दी थी, परंतु 1:00 बजे विश्वविद्यालय का मुख्य दरवाजा खोला गया।

### युवा आक्रोश रैली में भाग लेने को लेकर भाजपा ने की बैठक

**हरिहरगंज।** भारतीय जनता पार्टी पिपरा मंडल की बैठक मंगलवार को पिपरा प्रखंड के सरैया गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी, सहप्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित सभी मोर्चा के कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि आगामी 23 अगस्त को रांची में भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा आक्रोश रैली में भाग लेना हैं।

### झामुमो युवा मोर्चा ने निकाली 'बुलेट रैली'

# पलामू की बहनों को हेमंत सोरेन देंगे बड़ी सौगात: राजेंद्र सिन्हा



**हमारी बहनों को मंईयां सम्मान योजना मजबूत बनाएगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा पलामू के द्वारा सैकड़ों बुलेट के साथ रैली का आयोजन किया गया। बुलेट रैली का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और अध्यक्षता झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी और युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक ने किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 अगस्त को मंईयां सम्मान योजना का सौगात देने पलामू आने वाले हैं। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु झामुमो युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय से छह मुहान और चैनपुर बाजार से बेलवाटिका, रांची रोड होते हुए एयरपोर्ट पर रैली की समाप्ति हुई। सिन्हा ने कहा कि हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू की बहनों को सौगात देने आने वाले हैं। हमारी बहनों को मंईयां सम्मान योजना मजबूत बनाएगी, आज यह योजना हर घर का चर्चा बन चुका है और बहनों की खुशियों का कारण बना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, विनय सिंह और हाजी ललन उपस्थित थे।

**झारखंड के युवाओं की पहली पंसद हेमेन्त सोरेन हैं: सन्नी शुक्ला**

युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा झारखंड को जनकल्याण कारी योजनाओं की सौगात दी है। झारखंड के युवाओं की पहली पसंद हेमन्त सोरेन हैं। इस मौके पर सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, राजेश सिन्हा, असफर रब्बानी, कमाल खान, संगठन सचिव अनुराग सिंह, बबलू सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, मो सायम, बबलू चौधरी, कृष्ण कन्हैया दुबे कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, अजमल खान, सुमित सोनी, अली खान, राहुल कुमार, बादल वर्मा, अरुण चौधरी, सद्दाम खान, उस्ताज, अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष सोनम खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, कौशीन राइन, व्यवसाय मोर्चा के दीपू चौरसिया, सचिव मनोज कुमार, उपाध्यक्ष मो शकीब सिद्दीकी, राहुल कुमार, अली नगर मोर्चा सचिव छोटू त्रिपाठी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव सैयद फैजल, कौशिक राज, सौरभ पाठक, विपुल, सरताज चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सदर प्रखंड के संजय तिवारी, रंजित तिवारी, अनिल चंद्रवंशी आसिफ, कौशल, विकास, आरफीन अली, अमर आजम, बिट्टू, राहुल, बीरु खान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री कल शहर में, प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में लेंगे भाग

## उपायुक्त शशिरंजन स्वयं कर रहे कार्यक्रम की मॉनटिरिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू दौरा अपरिहार्य कारणों से एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री अब अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार की जगह गरुवार को पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय पहुंचेंगे। वह स्थानीय चिंयाकी हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उसी दिन देर शाम रांची के वापस लौट जायेंगे। जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर सारी तैयारियां पूरी कर चुका है। कार्यक्रम स्थल चिंयाकी हवाइ अड्डा परिसर को चारों तरफ से बैरिकेटिंग कर दिया गया है। मुख्यमंत्री, जिले के



पदाधिकारियों व अतिथियों के अलग से गेट बनाया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में भाग लेने वाले महिला प्रतिनिधियों के साथ अन्य आगंतुकों के लिए अगल-अलग गेट बनाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पलामू, गढ़वा, लातेहार के लाभुकों को पहली किस्त की राशि सौंपेगे। कार्यक्रम स्थल पर लाभुकों को बैठाने के लिए प्रशासन के स्तर से अलग से व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। कार्यक्रम के दिन प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही शहर में वाहनों की इंट्री होगी। उपायुक्त शशिरंजन स्वयं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लेकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह से अंतिम रूप दे दिया गया है।

### सड़क का निर्माण कार्य की प्रक्रिया अक्टूबर 2023 से शुरू: नरेंद्र पांडेय

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र कुमार पांडेय ने मीडिया जानकारी दी कि विगत दिवस पांडू बूढ़ीखांड सड़क को लेकर बसपा नेता के द्वारा जो स्टंटबाजी की गई, उस से बेहतर था कि वो उपायुक्त और सरकार के माध्यम से उसे ठीक कराने के प्रयास में लगते। उनका धान रोपण सिर्फ सुर्खियां बटोरने का प्रयास था। पांडे ने बताया कि विगत वर्ष 2023 के अक्टूबर मास में उन्होंने पलामू उपायुक्त से मिलकर उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था, जिसका तत्काल प्रभाव से दिशा निर्देश जारी किया गया था।

## निजी खर्च से राजा हरिश्चंद्र घाट में प्रतिदिन भेजूंगी पानी : अरुणा शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को राजा हरिश्चंद्र घाट जाकर आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी का अंतिम दर्शन किया। मौके प्रथम महापौर ने कहा कि एक मिलनसार व्यक्ति हम सबों के बीच नहीं रहे उनकी कमी सबों को खलेगी भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। प्रथम महापौर ने राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था को भी देखा और कहा कि मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता मैं घर पर ही जाकर किसी के यहां कोई घटना होने पर अंतिम दर्शन कर लेती थी, लेकिन आज यहां आने पर पता चला की नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या है। हरिशचंद्र घाट में बोरिंग जो मैंने कराई थी उसमें 700 फीट में भी पानी नहीं अरूणा शंकर ने कहा कि दो-तीन दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से प्रतिदिन सुबह शाम टैंकर से पानी यहां भेजूंगी। उन्होंने चेंबर के प्रशंसा करते हुए कहा आज चेंबर के सदस्यों के बदौलत हरिश्चंद्र घाट स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित है और मात्र 3500 रुपए में सफाई से लेकर डोम राजा तक लकड़ी सहित व्यवस्था दी जा रही है जो प्रशंसनीय है।

## झारखंड में घुसपैठियों की संख्या तेजी से बढ़ रही: विकास प्रीतम सिंह




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल के नव नियुक्त प्रभारी विकास प्रीतम सिंह ने कहा कि झारखंड में बंग्ला देशी घुसपैठिया की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह स्थिति चिंता की बात है। जो स्थिति अभी पश्चिम बंगाल की है वही स्थिति झारखंड की होने वाली है। इसे बचाने की जरूरत है। राज्य सरकार घुसपैठियों के मामले में वोट बैंक के कारण चुप्पी साधे हुए है। भाजपा इस मामले में चुप नहीं बैठने वाली है। वह मंगलवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल है। सत्ता में आने से पूर्व हेमंत सोरेन ने जो भी वाद किया था उसमें कोई भी वादा नहीं पूरा किया है। आगामी 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले युवा आक्रोश रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। युवा आक्रोश रैली के माध्यम से भाजपा सरकार को जगाने काम करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के राज में लूट, भ्रष्टाचार चरम पर है। 2019 चुनाव में जनता से जो वादा कर हेमंत सोरेन सत्ता में आए थे, उन वादों को अभी तक पूरा नहीं किया है। 5 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी देने के वादे से सरकार मुकर गई, जिससे राज्य में पलायन बढ़ गया है। आदिवासियों के नाम पर सरकार चलाने की बात करने वाले हेमंत सोरेन के राज्य में न आदिवासी सुरक्षित हैं न महिलाएं सुरक्षित हैं। विकास के जगह राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग चल रहा है। झारखंड की ठगबंधन सरकार की न कोई नीति है और न विकास के लिए कोई नियत। आमजन, युवा, महिला, किसान सरकार से आक्रोशित हैं। युवा आक्रोश रैली रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन करेगी और आने वाले समय में इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे। मौके पर विधायक शशि भूषण मेहता, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह, राजधानी यादव, शारदा महेश प्रताप देव, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, लूड्डू खान, अभिमन्यु तिवारी, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिवकुमार मिश्र, विपुल गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू सिंहा, विजय कुशवाहा, जितेंद्र तिवारी, ओमप्रकाश पप्पू, श्रवण गुप्ता, दीपक सिंह, रूप सिंह, रीना किशोर, मधु लता सिंह सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन ज्योति पांडेय ने किया।

## मांगे पूरी होने तक, हमारी हड़ताल जारी रहेगी : महेन्द्र सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक हमारे हड़ताल जारी रहेगी सरकार यदि हड़ताल के बाद भी मांग नहीं पूरी नहीं करती हैं तो पूरे राज्य भर में लिपिक मोर्चा उग्र आंदोलन के लिए तैयार हैं । उक्त बातें मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के प्रमंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कही। वे धरना पर बैठे मुफस्सिल लिपिक मोर्चा की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को मुख्यमंत्री के पलामू दौरे में हमारी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा जाएगा। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक हमारे हड़ताल जारी रहेगी। सरकार यदि हड़ताल के बाद भी मांग नहीं पूरी होती है तो पूरे राजभर में लिपिक मोर्चा उग्र आंदोलन के लिए तैयार है । प्रमंडलीय संयोजन राजीव रंजन पांडे कहा कि पूर्व में लिपिक का वेतन प्राथमिक शिक्षकों के वेतन से कुछ ही अंतर था, परंतु सरकार के द्वारा छठा वेतन लागू होने पर हमारे वेतन को काफी न्यूनतम स्तर पर ले आया । सभा को लव कुश कुमार सिंह,संतोष पाठक ,अभिषेक कुमार एवं अन्य द्वारा भी संबोधित किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय और सभी उच्च विद्यालय सभी प्लस टू उच्च विद्यालय के लिपिक सहित प्रमंडलीय संयोजक राजीव रंजन पांडे, प्रमंडलीय सचिव रवि रंजन पाठक,शशि पांडे, बलराम कुमार, सीतलेश कुमार सिंह, अरुण कुमार गिरी, स्नेहशील मनीष, अविनाश भारती, रणजीत सिंह, हिमांशु शेखर पांडे, बिनोद कुमार झा, विवेक कुमार, अभिषेक विशाल, मंसूर आलम, तौकीर हुसैन, नसीम अहमद, रणजीत सिंह, संजीत कुमार सिंह, अभिषेक राजन, प्रशांत बिहारी ,अभिषेक कुमार पाठक, विजय कुमार मिश्र, संतोष पाठक, रामाशीष पांडे, शीतल कुमार, राशिद कादरी, सौरभ कुमार शुक्ला, अनवर राजा केसर एवं अन्य भारी संख्या में लिपिक बंधु उपस्थित थे।




**लिपिक मोर्चा की दो सूत्री मांग**

ज्ञात हो कि झारखंड राज्य मुफस्सिल मोर्चा के आह्वान पर पलामू जिला के शिक्षा संवर्ग के सभी लिपिक 16 अगस्त से अपनी दो सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं । मोर्चा की प्रमुख मांग है नियुक्ति तिथि से ग्रेड पे 2400 किया जाए तथा सभी संवर्ग के लिपिक के लिए एक समान सेवा शर्तें एवं प्रोन्नति नियमावली लागू की जाय।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू लोजपा का जिलाध्यक्ष ने किया विस्तार

**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी पलामू के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनी नगर स्थित टेंपो स्टैंड के प्रांगण में आयोजित पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति से पलामू जिला कमेटी का विस्तार किया। इसके तहत योगेंद्र कुमार उर्फ पप्पू एवं रमाकांत दुबे को वरीय उपाध्यक्ष, शंभू प्रसाद, जितेंद्र सिंह, रवि सिंह को उपाध्यक्ष, विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू को प्रधान महासचिव, कुमार सिंह, संतोष सिंह, सुरेंद्र सिंह चेरो, शिवकुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, एमडी दानिश, मुन्नालाल पासवान, संजय सिंह, मनोरंजन शुक्ला, संजय पासवान को महासचिव, रंजीत पासवान, विकास तिवारी, सत्येंद्र पासवान, मदन सिंह, भीम चौहान, नवीन कुमार मुकेश, राणा सिंह चौहान, डब्लू पासवान, कैलाश चौहान, रजत पासवान को सचिव, पंकज तिवारी प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी आकाश कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, अजीत कुमार कार्यालय सचिव बनाया गया है। वहीं कार्यकारणी सदस्य के रूप में प्रेमचंद तिवारी, अशोक चौहान, जय कुमार, यशवंत पासवान, सूचित पासवान, धनंजय कुमार सिंह, विकास तिवारी उर्फ टिंकू, सुदर्शन पासवान, वकीलपासवान, बिट्टू खान, मुन्ना खान सहित कई नाम शामिल हैं। मौके पर पलामू अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने तमाम नवमनोनीत पदाधिकारी एवं सदस्यों का पार्टी का मफलर प्रदान कर स्वागत किया एवं कहा कि हम सभी को पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान के अधूरे सपने को करना है। बैठक में विलास राम, महेशीराम, नंदेश्वर चौधरी, महेश पासवान, सहित्य सैकड़ो लोजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चार वर्षों से लटका हैदरनगर आरओबी का निर्माण, मुख्य पथों पर जाम से नहीं मिला छुटकारा

**हुसैनाबाद / हैदरनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय में जपला देवरी रोड में रेलवे की ओर से निर्माण कराए गए ओवर ब्रिज अनुपयोगी दिखने लगा है। इसके निर्माण काल के समय ही कई संगठनों के लोगों ने इस ब्रिज के निर्माण बड़े वाहनों और शहर के लोगों को कोई लाभ नहीं होने की जानकारी रेल अधिकारियों को दी थी। दरअसल कतिपय साजिश के तहत रेलवे की तैयार प्रथम प्राक्कलन, डीपीआर में परिवर्तन करा दिया गया, जिससे मोहम्मदगंज, हैदरनगर से आने जाने वाले वाहनों को ओवर ब्रिज से इस मुख्य पथ अप्रोच पथ नहीं मिलने से शहर के भीतर ही परिचालन कर एक किलोमीटर अधिक भ्रमण करना पड़ता है। उन्हें देवरी, दंगवार, छतरपुर, मेदिनीनगर जाने के लिए शहर के अंदर ही प्रवेश का विजय पेट्रोलियम के आगे और सिद्धनाथ पेट्रोलियम के समीप जाना पड़ता है। यही हालात देवरी, दंगवार मुख्य पथ पर आवागमन करने वाले लोगों को होता है। इन मुख्य पथ से भी ओवर ब्रिज पर चढ़ने उतरने के अप्रोच पथ का निर्माण रेलवे ने नहीं कराया। जिससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों सहित वाहन चालकों के मुंह से रेलवे और जनप्रतिनिधि की उदासीनता, उपेक्षा और कुव्यवस्था की आवाज गूंजती है।

### बिजली समस्या को लेकर 27 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**पाटन।** जनसंघर्ष मोर्चा पाटन के अध्यक्ष सह छतरपुर विधायक जिला परिषद प्रतिनिधि उमेश सिंह के अगुवाई में पाटन के पूर्वी क्षेत्र में बिजली की लचर समस्या को लेकर 27 अगस्त को जीएम बिजली कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन होगा। जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने मंगलवार को पाटन के दर्जनों गांव किंशुनपुर, चेतमा, बरडीहा, काला पहाड़, लोइंगा, अंगरा, कनोउदी, आरेदाना आदि एक दर्जन गाँवो में जनसम्पर्क चलाकर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन में सहभागिता की अपील की। उमेश सिंह ने कहा कि एक माह पूर्व अल्टिमेटम पत्र देने के बाबजूद बिजली विभाग संवेदनहीन है। बिजली तार पोल की जर्जर स्थिति के साथ बिजली नही रहने एवं कुम्हवा ग्रिड से लोड कम करने की मांग पर कार्रवाई नहीं हुई। 27 अगस्त को हजारों के संख्या में ग्रामीणों, किसानों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जनसम्पर्क में ईद मोहमद, बलराम यादव, पूर्व मुखिया चन्द्रदेव सिंह, पूर्व पँचायत समिति सदस्य राम प्रवेश सिंह, पंकज तिवारी, ज्योति दुबे, आदि दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी ने नावा बाजार में दिया योगदान

**नावाबाजार।** नावाबाजार अंचल कार्यालय में शैलेश कुमार बतौर अंचलाधिकारी योगदान दिया। नावाबाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रसाद मरांडी अंचलाधिकारी के पद पर अतिरिक्त प्रभार में थे। योगदान लेते हुए शैलेश कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अंचल क्षेत्र के कार्यों में लापरवाही तनिक भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पेंडिंग पड़े जमीन संबंधित सारे कार्य समय के साथ किए जाएंगे। राजस्व कर्मचारी अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक गति देंगे। कहीं से किसी भी तरह की शिकायत मिली तो उनके ऊपर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

### युवा आक्रोश रैली में शामिल होने का भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

**हैदरनगर।** 23 अगस्त को भाजपा की युवा आक्रोश रैली रांची में सफलता सहित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव, विरोध प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई। मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम राममंदिर हैदरनगर में बैठक कर कार्यकताओं ने संकल्प लिया है। कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, प्रभारी जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि युवा आक्रोश रैली में पांच युवाओं को रोजगार देने के हेमंत सरकार के वादाखिलाफी के विरुद्ध जमकर आवाज बुलंद किया जायेगा। इस रैली में हैदरनगर मंडल से एक हजार कार्यकर्ता शामिल होने का संकल्प लिया है। वहीं 25 अगस्त की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ पर 100 कार्यकताओं की उपस्थिति के साथ ही 15 भाजपा का झंडा लगाने का निर्देश दिया गया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल ने सभी शक्ति केंद्रो पर 10 - 15 जगहों पर दीवाल लेखन करने के साथ ही प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं। इसी कड़ी में 25 को प्रधानमंत्री के मन की बात सभी बूथों पर सुनने की व्यवस्था व सरल एप्प के माध्यम से उसे अपलोड करने की बात कही गयी है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री कमलेश विश्वकर्मा, अरुण मेहता, उपाध्यक्ष राजा सिंह, विजय सिंह, महेंद्र राम, देवेंद्र सिंह, राजीव रंजन तिवारी, अशरफी राम, दिनेश साव, छोटू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### नवगढ में बाइक के धक्के से युवक की मौत

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-उंटारी मुख्य पथ पर नवगढ़ गांव के पास इस थाना क्षेत्र के बिचलाडीह टोला निवासी भगेरू साव के 40 वर्षीय पुत्र अनिल साव की बाइक के धक्के से मौत हो गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात अनिल साव टोले के ही मोहित कुमार के साथ घूमने के लिए निकले थे। इसी क्रम में दोनों नवगढ़ गांव के समीप मुख्य सड़क पर खड़े थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने अनिल साव को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अनिल साव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि टक्कर मारने वाला व्यक्ति बाइक छोड़कर तुरंत मौके से भाग गया। इस हादसे के बाद मोहित कुमार ने दुर्घटना में शामिल बाइक का ही इस्तेमाल करते हुए एक राहगीर की मदद से घायल अनिल साव को वहां से लेकर स्थानीय निजी अस्पताल पहुंचाने के लिए चला था कि इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उसी समय शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया। दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। सड़क दुर्घटना में अनिल साव की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया है। वे बिहार में रहकर निजी डाक्टरी करते थे।

## प्रतियोगिता

### जिला स्तरीय लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बैठक

# एक सितंबर तक एंट्री ले सकती हैं टीम

**पलामू जिले के प्रतिभावान फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है**

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। आढ़त रोड स्थित पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन के कार्यालय में जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशफाक अहमद एवं संचालन संगठन के सचिव महेश तिवारी ने किया। बैठक में सर्व सहमति से सितंबर महीने में पलामू जिला स्तरीय फुटबॉल लीग टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



उक्त अवसर पर अध्यक्ष अहमद ने कहा कि पलामू जिले के प्रतिभावान फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर संगठन के सचिव महेश तिवारी ने कहा कि सितंबर महीने में आयोजित होने वाली फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए सभी टीमें एक सितंबर दिन रविवार तक एंट्री ले सकते हैं।

**अंतर विद्यालय फुटबॉल लीग टूर्नामेंट का भी होगा आयोजन**

तिवारी ने कहा कि इस वर्ष पलामू जिला में जिला स्तरीय लीग फुटबाल टूर्नामेंट के साथ-साथ अंतर विद्यालय फुटबॉल लीग टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा। स्कूली लीग टूनार्मेंट में केवल स्कूली विद्यार्थी ही हिस्सा ले सकेंगे। स्कूली लीग टूनार्मेंट में जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के टीमें हिस्सा ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस फुटबाल लीग टूनार्मेंट का उद्देश्य जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को चुनकर उन्हें प्लेटफार्म प्रदान करना एवं राज्य स्तरीय मैचों में उनको अवसर दिलाना है। मौके पर पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सदस्य विपिन सिन्हा, अनवर आलम, सूबेदार संजय उर्फ जाफर, कौशल किशोर बक्शी, नंद किशोर भारती एवं राज किशोर पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### डेंगू से महिला की मौत

**डंडई।** थाना क्षेत्र के निवासी पीयूष पटेल परमात्मा की 30 वर्षीय पत्नी रंजू पटेल डेंगू से सोमवार को निधन हो गया। मृतिका अपने दो मासूम बच्चे नौ वर्षीय रोहित और 11 वर्षीय जोया को छोड़कर स्वर्ग सिधार गई। वहां जांच के बाद मृतिका को डेंगू होने की बात सामने आई। चिकित्सीय परामर्श के बाद बेहतर इलाज को लेकर पीयूष अपने परिजनों के साथ मृतिका को लेकर रांची चला गया। रात भर इलाज के बाद सोमवार को अस्पताल के वेंटिलेटर पर जाने से पहले ही उसकी पत्नी ने अंतिम सांस ली।

### सर्प दंश से महिला घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के जमारी गांव निवासी संजय यादव की पत्नी ममता देवी को मंगलवार को सांप ने डंस लिया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि ममता देवी ने मवेशी को पानी पिलाने के लिए घर के बाहर निकल रही थी। इस दौरान दरवाजा खोलने पर अचानक एक सांप ने उसके दायां पैर में डंस लिया। इसके बाद उसके परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत ममता देवी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### राशन डीलर की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत के पीडीएस दुकानदार जगदीश साह का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह मौत हो गई। जगदीश साह पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन पर प्रखंड के डीलर संजय पासवान, राजेश राम, शंकर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, उमेश पाठक, विद्या पासवान, हृदय पासवान, विनोद कुमार, कमलेश बैठा आदि ने शोक जताया है।

**रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक होगा रासलीला का मंचन**

# श्रीराधा वंशीधर के जयघोष के साथ सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्रीराधा वंशीधर की भूमि श्री बंशीधर नगर में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार और श्रीराधावंशीधर की जय के जयघोष के बीच सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का श्रीगणेश हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अनुमंडल न्यायालय नगर ऊंटारी के एडीजे प्रथम मनोज कुमार त्रिपाठी, एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने श्रीराधा वंशीधर जी की पूजा अर्चना के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंगलवार से 2 बजे दिन से सायं 6 बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य स्वामी श्री पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा पीयूष की रसधार बह रही है। वृंदावन की रासमंडली द्वारा रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक रासलीला का मंचन किया जा रहा है। इस मौके पर मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्र, ट्रस्ट के सलाहकार राजेश कुमार पांडेय, धीरेन्द्र चौबे, व्यवस्थापक सुरेश विश्वकर्मा, नंदू लाल, प्रबंधक सुजीत कुमार अग्रवाल, यजमान नागेंद्र प्रसाद, चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक राम प्रसाद, चेंबर के उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सचिव गोपाल जायसवाल, वीरेन्द्र प्रसाद, मनदीप प्रसाद, विद्याभास्कर, राजन कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

### भव्य शोभा यात्रा निकाली

कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में श्री बंशीधर मंदिर में विधिपूर्वक पूजा अर्चना के बाद मंदिर से प्रवचन पंडाल तक भव्य श्रीमदभागवत शोभायात्रा निकाली गयी। श्रीधाम वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पूज्य स्वामी श्री पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज के संरक्षण में निकली यात्रा में मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव सिर पर श्रीमदभागवत रखकर सबसे आगे चल रहे थे। श्री वंशीधर मंदिर से निकली यात्रा मंदिर की परिक्रमा कर बगल में स्थित श्रीमदभागवत कथा पंडाल में समाप्त हुई।

## हड़ही पहाड़ से मृतका का शव पुलिस ने तीसरे दिन निकाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस ने मंगलवार को मेराल पश्चिमी पंचायत के माधुरी टोला निवासी सकेंद्र शाह की ढाई वर्षीय पुत्री आकृति कुमारी का दफनाया गया शव को निकाल कर गढ़वा पोस्टमार्टम हाउस भेजा दिया। कोर्ट से आदेश लेने के बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत, नियुक्त मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी यशवंत नायक, चिकित्सक डॉक्टर दीपक सिन्हा एसआई दीपक कुमार, हरिशंकर ओझा आशीर्वाद महतो तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं मृतक बच्ची के परिजनों की उपस्थिति में हड़ही पहाड़ की तलहटी में दफनाया गया शव को निकाला गया। मामले को लेकर मृतक आकृति की मां किरण देवी ने मेराल थाना में आवेदन दिया गया था, जिसके आधार पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दफनाए गए शव को निकालने के लिए कोर्ट से अनुमति ली। किरण देवी द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 17 अगस्त को मृत बच्ची आकृति की सगी चाची रानी देवी द्वारा उसे कीटनाशक पिलाया गया जिसके बाद आकृति वोमिटिंग करने लगी। बच्ची की हालत बिगड़ता देख परिवार वालों ने उसे मेराल के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मृतक आकृति के पिता सकेंद्र शाह तथा उसकी दादी बसंती कुंवर के अनुसार उसकी सगी चाची तथा वीरेंद्र शाह की पत्नी रानी देवी द्वारा कीटनाशक पिला दिया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। सकेंद्र ने बताया कि बच्ची को दफनाने के 1 दिन बाद सच्चाई सामने आया। मौके पर मृत बच्ची का चाचा वीरेंद्र शाह उसके मामा के अलावा स्थानीय मुखिया रामसागर महतो, मुन्ना राम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक आरोपी रानी देवी को घर में सुरक्षित रखा गया है। प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट यशवंत नायक व थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि मृतक बच्ची आकृति की मां किरण देवी के आवेदन पर कोर्ट से आदेश लेने के बाद दफनाए गए शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया है। वहां से भेसरा को जांच के लिए रांची भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले का सभी पहलू से गहनता पूर्वक जांच किया जाएगा।

### विधायक का विरोध करने वाले कांग्रेसी हैं : राजेश्वर ठाकुर

**भंडरिया।** मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ने स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया को मदगड़ी गांव के एक कार्यक्रम में बुलाकर विरोधी करने की घटना की निंदा की है। वह मंगलवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक को ग्रामीण द्वारा सड़क से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं विधायक को मदगड़ी गांव बुलाया गया था। काफी दुर्भाग्य की बात है कि किसी जनप्रतिनिधि को बुलाकर बेइज्जत करना। विरोध करने वाले कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निष्पादन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुमार ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन आम लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुन कर उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, मानदेय भुगतान, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए थे। केतार प्रखंड के पाचाडुमर गांव निवासी रविंद्र कुमार पासवान ने मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा संवर्धन कूप सिंचाई योजना के तहत स्वीकृत राशि की निकासी बिना कूप निर्माण किए ही निकाल देने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि लाभुक देवंती देवी पति भुवनेश्वर राम के नाम पर उक्त योजना के तहत स्वीकृत राशि की निकासी जनप्रतिनिधियों, कनीय अभियंता व संबंधित पदाधिकारी के मिलीभगत से बिना कूप निर्माण के ही राशि की निकासी कर सरकारी राशि का गबन किया गया है। उन्होंने मामले की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। भंडरिया प्रखंड के छेतकी गांव निवासी आशा कुमारी तिग्गा ने आवेदन देकर घरेलु हिंसा की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने बताया कि उनके पति मारकुस कुजूर उनके मायके स्थित घर का ताला तोड़कर जबरदस्ती रहते हैं व उन्हें बेघर कर दिया है। उन्होंने अपने पति के अवैध संबंध होने व उनके साथ शराब पीकर मारपीट करने की भी शिकायत की है। उन्होंने घर वापस दिलाने व जान-माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। प्राथमिक विद्यालय कोरटा, डंडा के सहायक शिक्षक विकास कुमार विद्यार्थी ने आवेदन देकर निलंबन अवधि का वेतन व वार्षिक वेतन वृद्धि की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। उन्होंने ने बताया कि जिसके कारण वे निलंबित थे, न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-19 सासाराम रोहतास बिहार के द्वारा उन्हें उन पर लगाए गए आरोपों से दोष मुक्त किया गया है। उन्होंने विगत वित्तीय वर्षों का बकाया राशि का भुगतान करने व वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। सगमा प्रखंड के सोनडीहा गांव निवासी चंदन कुमार यादव ने आवेदन देकर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत मजदूरों का मजदूरी भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि कूप निर्माण कार्य को लेकर लाभुक द्वारा कर्ज लेकर स्वयं सामग्री की व्यवस्था करते हुए योजना को पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत पचास हजार रुपये की राशि प्रखंड में आ चुकी है। परंतु अभी तक लाभुक के खाते में राशि नहीं भेजा गया है। जिसके कारण मजदूरों की मजदूरी भुगतान व क्रय किए गए सामग्री का भुगतान करने में समस्या आ रही है।

**विद्यालय बांसडीह कला में एमडीएम में मिला बच्चों को दाल-भात, थाली से सब्जी गायब**

## पौष्टिक भोजन खिलाने की योजना तोड़ने लगी है दम

- **पिछले तीन सप्ताह से बच्चों को मौसमी फल या अंडा भी नहीं दिया गया है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड में स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाने की योजना दम तोड़ने लगी है। वैसे तो बच्चों की थाली से अंडा और फल गायब होना तो आम बात हो गई है। लेकिन अब सब्जी भी थाली से गायब होने लगे हैं। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय बांसडीह कला में मंगलवार को मध्यान्ह भोजन में बच्चों को सिर्फ चावल और दाल खिलाने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बीपीएम रवि कुमार बैद् से की। विद्यालय के अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया की विद्यालय में शिक्षको की मनमानी चलती है। यहां संयोजिका पिछले कई महिनों से विद्यालय में नहीं आती है। मध्याह्न भोजन का देख-रेख प्रभारी शिक्षक ही करते हैं। पिछले तीन सप्ताह से बच्चों को मौसमी फल या अंडा भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा की बच्चे हमेशा मुझसे शिकायत करते हैं की फल या अंडा नहीं मिलता है?। मंगलवार जब विद्यालय आकर देखा तो बच्चे चावल-दाल और आचार खा रहे थे। प्रभारी सहायक शिक्षक रविन्द्र यादव ने कहा कि अध्यक्ष और संयोजिका में ताल मेल नहीं है। तीन-तीन महीना दोनों एसडीएम का देख-रेख करते हैं। बच्चों को सिर्फ आज सब्जी नहीं मिला है। बीपीएम रवि कुमार बैद् ने कहा किअध्यक्ष द्वारा फोन के माध्यम से शिकायत किया गया है। लिखित आवेदन देने पर जांचोपरांत कारवाई की जायेगी। बच्चों को प्रतिपूर्ति राशि दिलाया जायेगा।

## न्यूज बॉक्स

### बसपा ने चुनाव प्रचार किया शुरू

**रमना।** बसपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दिया है। पार्टी ने भवनाथपुर विधानसभा की जनता को एक नये अंदाज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन हर ग्राम में किया जा रहा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इस क्षेत्र की मूल समस्याओं को कारण और समाधान के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें पलायन, नोट के बदले वोट, अशिक्षा और इस क्षेत्र के विधायक के द्वारा क्षेत्र की जनता से वादा कर वादा पूरा नहीं करना जैसे अनेक जन समस्या को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग प्लस टू के पास ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के बिच नोट के बदले वोट नहीं देने की अपील की। साथ ही बीएसपी के नेता सह समाज सेवी पंकज कुमार चौबे के पक्ष में वोट करने की अपील की।

### नील गाय कुआं में गिरा

**रमना।** फुलवारी बगीचा में सड़क से करीब दो फिट नीचे कुआं में मंगलवार एक नीलगाय जंगल के रास्ता भटक कर सड़क पार करने के क्रम में गिर गया। ग्रामीणों ने तत्काल ही वन विभाग जानकारी दिया। हड़ताल पर होने के कारण नीलगाय को निकालने के लिए गढ़वा वन प्रमंडल से चालक और वनसमिति को भेजा गया। चालक रविंद्र कुमार व वनसमिति अध्यक्ष बाबूलाल ने जाल के सहारे कुआं में गिरा नीलगाय को फंसा कर ग्रामीण दशरथ कुमार, राजू कुमार, मनोज कुमार, रमण कुमार और अन्य ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला।

### सड़क मरम्मती कार्य में लेट लतीफी से ग्रामीण परेशान

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर मुख्य पथ से पंडा नदी तक 1.58 करोड़ रुपए की लागत से संवेदक द्वारा सड़क मरम्मती कार्य में लेट लतीफी से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया की शिलान्यास के बाद कुछ दिन काम करा के संवेदक द्वारा कार्य को बंद करा दिया गया है। इसके कारण उन सभी को कीचड़ युक्त सड़क से गुजरना पड़ रहा है। संवेदक पिच रोड बनाने के लिए गिट्टी बिछाकर छोड़ दिये है। जबकि जहां पीसीसी पथ की ढ़लाई करना है वहां काम शुरू नहीं किया गया है। इससे बरसात का पानी का ठहराव सड़क के बीचोंबीच होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया की मेघन बियार के घर के पास बारिश का पानी इकट्ठा होने से पैदल सहित वाहन से आने जाने में परेशानी होती है। का ई बार तो बाईक चालक किचड़ युक्त सड़क में फिसलकर गिर जाते हैं।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारी और उपायुक्त से करने की बात कही। इस मौके पर शम्भू ठाकुर, चंदन प्रसाद,मेघन बियार श्रीकांत ठाकुर, अमरेश ठाकुर, संगीता देवी, अंत होसहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बसपा की बदलाव यात्रा 22 से

**गढ़वा।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 22 अगस्त से गढ़वा विधानसभा में बदलाव यात्रा की शुरूआत किया जाएगा। इसकी जानकारी भावी विधायक प्रत्याशी सह बसपा के गढ़वा विधानसभा प्रभारी अजय कुमार चौधरी ऊर्फ अजय मेटल ने दी। इन्होंने बताया कि बदलाव यात्रा की शुरूआत रामासाहू के मैदान से होगा। इससे पूर्व मां गढ़देवी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया जाएगा। इसके बाद शहर के रंका मोड़ पर बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर व कर्पूरी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर में पदयात्रा निकाली जाएगी। विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से बदलाव यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### चिकित्सकों ने बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध किया

**गढ़वा।** झासा और आईएमए के निर्देश पर जिले भर के चिकित्सकों ने बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध किया। चिकित्सकों ने प्रतिदिन की भांति अपने-अपने कार्यस्थल पर ओपीडी का संचालन किया, लेकिन बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाया। चिकित्सको ने ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज किया। झासा के सचिव डॉ. टी पियूष ने बताया कि राज्य भर में बायोमेट्रिक हाजिरी का चिकित्सकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। मंगलवार को जिले के चिकित्सक अपने-अपने ओपीडी का संचालक निर्धारित समय पर किया, लेकिन बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध करते हुए हाजिरी नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को बायोमेट्रिक हजारी बनाने का बाध्यता कर दिया गया है। झालसा के अध्यक्ष सह सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि आईएमए व झासा के निर्देश पर सभी चिकित्सकों की मांग है कि बायोमेट्रिक को उनके वेतन से नहीं जोड़े। नियमित रूप से चल रहे हाजिरी को ही सिर्फ लागू किया जाए।

























## एक नजर

### सहिया व वैक्सीनेटर को मिला पोलियो की खुराक पिलाने का प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्लस पोलियो कार्यक्रम को लेकर सहिया व वैक्सीनेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को 25,26 व 27 अगस्त को चलने वाली पल्स पोलियो अभियान की विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही साथ शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाने की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों प्रतिभागियों का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ सरोज मिंज एवं हीरामन साहू द्वारा दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट अनिल कुमार,एएनएम संगीता कुमारी,सुचिता देवी के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी थे।

### केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष में उदयन पब्लिक स्कूल ने दी सहायता राशि

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड में संचालित उदयन पब्लिक स्कूल ने केरल के वायनाड के कुछ हिस्सों में हुए विभस्त प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों व प्रभावितों के लिए प्रबंधक समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य, प्राचार्या, शिक्षक संघ एंव छात्रों ने शोक प्रकट किया है। साथ ही राहत व बचाव कार्यों के लिए विद्यालय प्रबन्धन समिति, प्रचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षक, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सहयोग से केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष में 16,001 (सोलह हजार एक रुपये) की सहयोग राशि भारतीय स्टेट बैंक, सिमरिया शाखा के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार जी को सुपर्द किया। ताकि जरुरतमंद लोगों को तत्काल सहायता मिल सके। बैंक में राशि जमा करने में प्रबंधन समिति की ओर से प्रेमलता चंद्रा, प्राचार्य टेंसी थॉमस, मो. आमान अंसारी और अलग-अलग वर्ग के विद्यार्थी शामिल थे।

### चंदवा में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई राजीव गांधी की जयंती

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटि द्वारा पार्टी कार्यालय में मंगलवार को राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79 वीं जयंती के उपलक्ष में सद्भावना दिवस मनाई जाती है। सद्भावना दिवस सभी भारतीयों के बीच राष्ट्रीय एकता, शांति,सहानुभूति और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए उनके समर्पण का लंबे समय तक याद किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संजय दुबे, मोफील खान, बाबर खान सद्दाम खान, हाफिज शेर मोहम्मद, श्री राम शर्मा, छोटू, गिदियोंन खाखा, करनालुस एक्का, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, सागर प्रजापति, मो रसीद, हसनैन खान, अरुण भारती, साजिद खान, बजरंगी सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

### लोध फॉल घूमने आये पर्यटक फंसे

# जेटीडीसी के कर्मियों ने बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित झारखंड का सबसे ऊंचा लोध फॉल जलप्रपात इन दिनों लगातार बारिश से उफान पर है। जलप्रपात अपने रौद्र रूप धारण किया है। बालूमाथ से आए दो युवक जलप्रपात के आकर्षण में आकर झरने के नजदीक तक पहुंच गए। इस दौरान सुरक्षा में लगे कर्मियों ने उन दोनों युवकों को आगे जाने से रोका। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात अनसुना करते हुए दोनों आगे बढ़ गए। इसके बाद अचानक बाढ़ आने की वजह से दोनों युवक झरने के नीचे तेज गति के पानी के बहाव के बीच फंस गए। बचने के लिए एक बड़े पत्थर के टीले पर चढ़ गए, लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब पानी का बहाव कम नहीं हुआ। जब इसकी जानकारी झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के कर्मियों को मिली जो फौरन ही जेटीडीसी के कर्मी मनोज मिंज, दिलीप तिर्की, एडवर्ड तिर्की, अशोक तिर्की मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उन दोनों युवकों



को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद दोनों युवकों ने सुरक्षा कर्मियों को धन्यवाद दिया। मानसून में सैकड़ों पर्यटक लोध जलप्रपात के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाने आते हैं, लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात नहीं मानते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर गहराई पार करने का प्रयास करते हैं। सुरक्षा कर्मियों द्वारा लगाए गए लाल निशान पार करते हुए कई पर्यटक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। इसके बावजूद सुरक्षाकर्मी ध्यान रखते हैं, आए हुए पर्यटकों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो। ऐसे में पर्यटकों का भी कर्तव्य बनता है कि वे उपस्थित कर्मियों के निदेशों का पालन करें। लोध जलप्रपात इको विकास समिति एवं जेटीडीसी के कर्मियों ने यहां आने वाले पर्यटकों से नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा कर्मियों के सहयोग करने की अपील की है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का आजसू जिला अध्यक्ष ने किया उदघाटन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के केंदवाही गांव में मंगलवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कीक मारकर किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस टूर्नामेंट का आयोजन ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवन जीने और टीम भावना को विकसित करने में मदद करता है। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी शामिल हुए। टूर्नामेंट में विभिन्न गांवों की कई टीमें भाग ले रही हैं। आजसू जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि आजसू पार्टी सदैव इस प्रकार के खेल आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहेगी। मौके पर ओबीसी जिला अध्यक्ष नितेश जायसवाल, छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू, विकास साह, प्रकाश यादव, मिथलेश उरांव, अखिलेश कुमार, जितेंद्र उरांव, प्रेम उरांव आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश सचिव बनाये गये डब्लू प्रजापति



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल निवासी सह झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति को भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन का प्रदेश सचिव के पद पर मनोनित किया गया है। ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति ने लेटर जारी कर इसकी जानकारी डब्लू प्रजापति को दी है। प्रदेश सचिव की जिम्मेवारी मिलने पर प्रजापति ने कहा कि संविधान में उल्लेखित सामाजिक व सांगठनिक मयार्दाओं का पालन करते हुए पुरी निष्ठा और लगन से समाज व संगठन के प्रति अपने दायित्व का पालन करेंगे। साथ ही उच्च पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों का समय सीमा में निस्तारण करने और संगठन एवं समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु तन मन धन से समर्पित होकर कार्य करने करेंगे। श्री प्रजापति को कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में ब्रह्मदेव प्रजापति,शीतमोहन मुंडा,संतोष प्रजापति,सुरेश गंझु,मो इजहार, जतरू मुंडा,अशोक कुमार समेत कई लोग शामिल हैं।

### कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनायी



**बालूमाथ।** राजीव गांधी की 80 वीं जयंती कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात के अध्यक्षता में मनायी गयी। प्रखंड कमेटी के सदस्यों ने राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर मो. आमिर हयात ने कहा कि स्व राजीव गांधी का राजनीतिक जीवन भले ही छोटा था, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण था। मार्च 1985 के बजट में उन्होंने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने आर्थिक नीति के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया। शहादत होने से कुछ सप्ताह पहले तक राजीव गांधी ने 1991 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को तैयार करने में कई घंटे बिताए थे। जून-जुलाई 1991 में नरसिम्हा राव व मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए ऐतिहासिक सुधारों की नींव रखी। जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर्रहमान ने कहा कि असम, पंजाब, मिजोरम, त्रिपुरा जैसे देश के अशांत क्षेत्रों में शांति समझौता राजीव गांधी की उस शासन कला के बदौलत संभव हो पाया था, उन्होंने राष्ट्रीय हित को अपनी पार्टी के तात्कालिक हितों से ऊपर रखा। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबैर ने कहा उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सामाजिक उपयोगिता के लिए एक दृष्टिकोण था, जो पेयजल आपूर्ति, टीकाकरण, साक्षरता, तिलहन उत्पादन, दूरसंचार, डेयरी विकास में प्रभावशाली प्रौद्योगिकी मिशन में परिलक्षित हुआ। भारत को सॉफ्टवेयर निर्यात में महाशक्ति बनाने की दिशा में पहला प्रत्यक्ष कदम राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान उठाया गया था। राष्ट्रीय आवास बैंक और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक जैसी वित्तीय संस्थाएं भी उसी दौर में अस्तित्व में आई थी। राजीव गांधी ने ही मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष की। मौके पर गोविंद, समीर, साबिर, पवन, वाशिम आदि उपस्थित थे।

## आम्रपाली परियोजना में आंदोलित हुए हाईवा मालिक

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में मंगलवार को विस्थापित हाईवा ऑनर संयोजक मंडली के बैनर तले आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत वाहन मालिकों ने किया। बताया गया कि कम भाड़ा दर में नकास कंपनी द्वारा गहरे खदान से कोयले की लोडिंग का विरोध होने पर पूर्व में कंपनी द्वारा की गई लिखित घोषणा पूरी तरह विफल हो गया है। इससे नाराज होकर संघ के निर्देश पर 5 नंबर बेरियर के समीप वाहन मालिक अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर दिनभर डटे रहे। बता दें वाहन मालिकों के आंदोलन से टंडवा एनटीपीसी प्लांट में आम्रपाली से कोयले की ढुलाई पूरी तरह से बाधित रहा। दूसरी ओर आंदोलन स्थल में वार्ता के लिए ट्रांसपोटिंग कंपनी प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचने से लोगों में घोर नाराजगी देखी गई। संघ के अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि वाहन मालिक अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह अडिग हैं। ट्रांसपोटिंग कंपनियों ने झूठे घोषणाओं से लोगों को अब तक गुमराह करते रहे हैं। बताया कि ठोस पहल होने तक आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी ओर, पीएनएम कंपनी के मोहन कुमार ने मनवाटोंगरी सड़क से कोयले की ढुलाई हेतु लिखित तौर पर दो दिनों का मोहलत लिया है इस मौके पर ईश्वरी साहु, गणेश साहु, रंजीत कुमार , सुरेश साहु,बसंत साहु, मनोज राम,पवन कुमार , दीपक महतो, होरिल कुमार समेत दर्जनों मौजूद थे।

### वज्रपात के चपेट में आने से युवक की मौत

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटैया पंचायत के केतारीबार गांव निवासी सहादेव यादव के 25 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार की मौत सोमवार देर शाम आकाशीय बिजली (वज्रपात) के चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपने खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान झमाझम बारिश के साथ आकाशीय बिजली सामने के बिजली खंभे के पास गिरी, जिसके चपेट में युवक आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में ग्रामीणों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### सग्रामपुर कला से हिंदिया जाने वाला रास्ता टूटा

## ग्रामीण परेशान, स्थानीय लोगों ने बनाया अस्थायी रास्ता

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सग्रामपुर कला से हिंदिया गांव जाने वाले रास्ता बारिश के कारण टूट जाने से ग्रामीणों को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस रास्ते में सात नदी पड़ती है, जिसे पार कर ग्रामीण जान जोखिम में लेकर गांव तक पहुंचते हैं। सड़क टूटने से जमुआ, गोड़े, हिंदिया खुर्द व बल्हि गांव के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उक्त सड़क को आरईओ विभाग द्वारा प्रभावित गांव होते हुए कुन्दा तक बनाना था, लेकिन कोरोना काल के समय से पेंडिंग पड़ा हुआ है। पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश यादव ने बताया कि पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन द्वारा इस सड़क को बनवाया जा रहा था, लेकिन कोरोना काल से ही यह सड़क में काम बंद है। बरसात के समय मे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इस रास्ते में सात नदी पड़ती हैं। ग्रामीणों ने सरकार से जल्द सड़क बनवाने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में पूर्व में श्रमदान से बने रोड भी टूट गए थे। हालांकि ग्रामीणों द्वारा उक्त सड़क को अस्थायी तौर पर बनाकर आवागमन को सुचारु करने की कोशिश की है। मौके पर अखिलेश साव, संजय यादव, प्रोमद कुमार, अखिलेश भारती, पुन यादव, छोटू कुमार व सुरेंद्र कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए जिला सलाहकार समिति की बैठक



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लिंग जांच व लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट बनाया गया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ कार्य करना है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से नवजात बच्चों में लिंगानुपात के बारे जानकारी लिया। सिविल सर्जन द्वारा जानकारी बताया कि माह अप्रैल 2023 से माह जुलाई 2024 तक लातेहार जिले में जन्मे बच्चों का लिंग अनुपात 921 है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में औचक जांच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 8 निजी अस्पताल, नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड जांच किया जाता है। बालूमाथ प्रखंड में 1-1 अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का जांच किया गया था। जिला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ अन्य अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में भी औचक जांच किया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के चार नवीनतम अल्ट्रासाउंड के पंजीकरण के लिए प्रस्ताव प्राप्त है। उपायुक्त ने जिला निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा उन अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों का जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. अखिलेश्वर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, डॉ. शोभना टोपनो व अन्य उपस्थित थे।

## ढाई साल बाद मिली प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की सहायता राशि

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल अधिकारी सनी राज और राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन की प्रदेश अध्यक्षा प्रेमलता चंद्रा के अथक प्रयास से संतोष कुमार गुप्ता को 2 लाख की मुआवजा राशि सोमवार को मिली। इस मौके पर अनुमंडल अधिकारी, एलडीएम रविन्द्र कुमार सिंह और शाखा प्रबंधक लाभुक के घर पहुंच कर उन्हें उक्त राशि की सांकेतिक चेक संयुक्त रूप से प्रदान की। बताते चले कि पिछले ढाई सालों से संतोष कुमार गुप्ता पिता लालो साहू की पत्नी रेणु देवी प्रधानमंत्री जीवन जीवन ज्योति योजना की सहायता राशि प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रही थी। 30 जनवरी 2022 को रेणु देवी के पति संतोष कुमार गुप्ता की 11 हजार वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार टूट के चपेट में आने से उनके शरीर का दाहिना हाथ और दाहिना पैर काटना पड़ा था, लेकिन बीमा राशि के लिए बैंकों के उदासीन रवैया के कारण रेणु देवी पिछले ढाई सालों से सिर्फ कागज की पूर्ति करते थक चुकी थी। मौके पर बीओआई ग्राहक सेवा केन्द्र के दिलेश्वर कुमार, अरुण सिंह, मुन्ना व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### उद्घाटन मैच में पुरनीराय ने नगर को एक गोल से हराया

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सरना खेल मैदान में मुस्कान क्लब रक्सी द्वारा आयोजित खस्सी फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा,युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, कुशेश्वर यादव,झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व फुटबॉल को कीक मारकर मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला छोटू क्लब नगर बनाम यंग क्लब पुरनीराय के बीच खेला गया। जिसमें पुरनीराय ने एक गोल से विजय होकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच जूनियर स्पोर्टिंग क्लब नगड़ी व चितरपुर के बीच खेला गया। उद्घाटन समारोह में शितमोहन मुंडा ने कहा कि खेल को खेल भावना के तहत खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगी रहती है। खेल से तन व मन दोनों तन्दरूस्त रहता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन के लिए मुस्कान कल्ब रक्सी को बधाई दी है। मौके पर उप मुखिया पति मणिलाल यादव, शंकर उरांव, संतोष प्रजापति,रंजीत गिरी,कमिटी के अध्यक्ष योगेश प्रजापति, सचिव गोविंद प्रजापति, रोहित उरांव, गोपाल प्रजापति,रोहित उरांव समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने बुधवार को अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार में आएं ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्याओं को सुन कर तत्वरीत निष्पादन का निर्देश दिया। ग्राम सीमा निवासी ने बताया कि उनका घर में बारिश के मौसम में रोड का पानी घुस जाने के कारण घर गिर गया है। वह तिरपाल लगाकर अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रही हैं। उन्हें अबुआ आवास की आवश्यकता है। अबुआ आवास का लाभ देने की कृपा की जाय। उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया। उपायुक्त ने समाहरणालय सभा कक्ष में एक एक कर जनता दरबार



के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त के अलावे जनता दरबार में मुख्य रूप से सड़क, राशन, भूमि विवाद, अबुआ आवास से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त रमेश घोलप जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन करते हैं।

### युवाओं ने लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के जपुआ में पर्यावरण बचाने को लेकर मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी बैद्यनाथ कुमार दांगी व यदुनंदन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर करीब पांच दर्जन फलदार व औषधीय पौधा रोपण किया गया। जबकि पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा प्राकृतिक के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी है। इसके लिए पौधारोपण को बढ़ावा देना आवश्यक है। पेड़ पौधे प्राकृतिक के श्रृंगार होते है। जबकि पेड़ पौधे से हमें शुद्ध हवा मिलता है। वहीं क्षेत्र भी हरा-भरा रहता है। पौधारोपण कार्यक्रम के मौके पर विनोद ठाकुर, सुरेंद्र दांगी, भुवनेश्वर दांगी, कार्तिक राणा, नागिन विश्वकर्मा, कपिल कुमार, मुन्नी पांडेय सहित थे।


## कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–09/2024–25**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 28.08.2024 कार्यालय दिवस में 11.00 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र लेने की तिथि :– दिनांक– 29.08.2024. कार्यालय दिवस में 11.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 30.08.2024 को 1.00 बजे अपराहन तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 30.08.2024 को अपराहन 1.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम– फुलसू में बजारटांड के पास पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 19,24,500.00 | 38500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम– लाटु में सुनील राम के घर से रामचरीतर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 18,94,100.00 | 38000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम–हिसरी में मंडप टोला से जबराही टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–01 | 15,86,200.00 | 32000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम–हिसरी में मंडप टोला से जबराही टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–02 | 15,86,200.00 | 32000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम–हिसरी में फोरेस्ट रोड़ से रुपलाल राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 24,98,100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6. | प्रखंड–बारियातु, पंचायत–फुलसु, ग्राम–मुक्की में संतोष गंझू के घर से छठ तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 23,84,900.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 7. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–1 | 24,11,800.00 | 48,500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 8. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–2 | 24,76,600.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत, कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–3 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 10. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–4 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 11. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–5 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 12. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–6 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 13. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–7 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 14. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–8 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 15. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–9 | 12,05,900.00 | 24500.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 16. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कल्ही महुआ से चेताग पीच रोड देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–10 | 11,41,200.00 | 23000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 17. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–1 | 24,80,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 18. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–2 | 24,81,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 19. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–3 | 20,04,800.00 | 40,500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 20. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–4 | 23,47,100.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 21. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–5 | 22,82,400.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 22. | प्रखण्ड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम–सेमरसोत में सेमरसोत कलभर्ट से मंडवा महुआ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–6 | 23,96,500.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 23. | प्रखंड–महुआडांड़, पंचायत–दूरूप, टोला बसेरिया मेनरोड जोड़ा सखुआ से झीकम नदी होते हुए बसेरिया गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–1 | 24,82,400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 24. | प्रखंड–महुआडांड़, पंचायत–दूरूप, टोला बसेरिया मेनरोड जोड़ा सखुआ से झीकम नदी होते हुए बसेरिया गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–2 | 24,82,400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 25. | प्रखंड–महुआडांड़, पंचायत–दूरूप, टोला बसेरिया मेनरोड जोड़ा सखुआ से झीकम नदी होते हुए बसेरिया गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–3 | 24,82,400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 26. | प्रखंड–महुआडांड़, पंचायत–दूरूप, टोला बसेरिया मेनरोड जोड़ा सखुआ से झीकम नदी होते हुए बसेरिया गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण भाग–4 | 24,97,600.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

1. पी0सी0सी0 पथ कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग/पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक) के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्तें https://latehar.nic.in एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR.NO.333182 Rural Development(24-25):D

## एक नजर

### राजीव गांधी ने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई : नेसार



**लोहरदगा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री, राजीव गाँधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुँचा दिया। मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए।हम भारत रत्न, राजीव गाँधी जी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### वायु सेना ने पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन किए हैं आमंत्रित

**गुमला।** भारतीय वायु सेना ने अविवाहित भारतीय पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं जो उत्कृष्ट खिलाड़ियों के रूप में भर्ती परीक्षण में शामिल होना चाहते हैं। यह भर्ती परीक्षण 18-20 सितंबर 2024 से आयोजित किए जाएंगे। भारतीय वायु सेना ने 'अग्निपथ योजना' के तहत अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए नई एचआर पद्धति शुरू की है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सैन्य जीवन का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत, भारतीय वायु सेना ने 18-20 सितंबर 2024 से आयोजित होने वाले भर्ती परीक्षण के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 20 अगस्त 2024 को 10:00 बजे से शुरू होगा और 29 अगस्त 2024 को 17:00 बजे तक चलेगा।

### भव्य महाकाल आरती का किया गया आयोजन

**लोहरदगा।** महाकाल ग्रुप के द्वारा अंतिम सोमवारी को भव्य महाकाल आरती का आयोजन एमजी रोड स्थित देवी मंदिर प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से किया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण सूर्य नारायण पाठक ने महाकाल भस्म आरती का मंत्र उच्चारण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमजल दास के द्वारा किया गया। और उन्होंने कहा कि सावन महीना के पवित्र सावन मास की अंतिम सोमवारी में महाकाल महा आरती का होना बहुत ही शुभ एवं महत्व माना गया है। मौके पर हजारों शिव भक्त उपस्थित थे।


# पत्नी की कुदाल से मारकर हत्या, हत्यारा पति फरार

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र के भंडरा मलार टोली मे बीती रात एक पति ने अपनी ही पत्नी के ऊपर कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद पति फरार हो गया। सूचना पर पहुंची भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा बनाकर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मलार टोली निवासी बेनामी मलार अपनी पत्नी 35 वर्षीय राखी मलार के साथ सोमवार को सावन पूर्णिमा के अवसर पर अखिलेश्वर धाम मे पूजा अर्चना कर घर लौटा और शाम को शराब पीकर घर लौटा रात करीब 10.30 बजे किसी बात को लेकर झगड़ रहा था। तभी बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पति बेनामी मलार ने घर में रखी कुदाल से अपनी ही पत्नी राखी मलार के गले पर हमला कर दिया। कुदाल के हमले से राखी खून से लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ी। राखी की हालत देखकर आरोपी पति बेनामी मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद एक घंटे तक राखी घायल अवस्था मे पड़ी रही।

**आपसी विवाद में घटना को दिया गया अंजाम**








घर मे अन्य सदस्य नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गई। सुबह राखी का छोटा बेटा सत्यम मलार पास ही अपने मामा के घर से सुबह घर पहुंचा तो वो अपनी मां को मृत पाया। जिसकी बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। वहीं ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। भंडरा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जाँच शुरू की। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। उसके बाद पुलिस ने बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। मृतक राखी के दो पुत्र है। दोनों पास ही अपने मामा के घर मे रहते है। शराब को लेकर बेनामी और राखी में हमेशा नोक झोक होता था।

**लोहरदगा बड़ा तालाब में होगा जलीय खेलों का आयोजन**

## तैराकी प्रतियोगिता 24 अगस्त को ग्रामीण मंत्री इरफान अंसारी होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के बड़ा तालाब में आयोजक लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन और प्रायोजक एफडी इंटरप्राइजेज लोहरदगा की ओर से प्रत्येक वर्ष तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष भी 24 अगस्त दिन शनिवार को प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी हाजी अब्दुल जबारूल ने दी हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड सरकार के ग्रामीण मंत्री इरफान अंसारी,मंत्री रामेश्वर उरांव,पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही रांची,जमशेदपुर, धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग के साथ लोहरदगा के प्रतिभागी भाग लेंगे।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा

**लोहरदगा।** उप विकास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में 28 गस्त से 13 सितंबर 2024 चलने वाले कुष्ठ रोग खोज अभियान (2024-25) के प्रथम चक्र की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिला परिषद सभागार में हुई इस बैठक में सिविल सर्जन लोहरदगा को इस कार्यक्रम की समीक्षा किये जाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को कम्युनिटी जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने, रोग को प्रारंभिक चिन्हित कर उपचार के लिए आवश्यक कारवाई करने, सहिया,आशा वर्कर,आंगनवाड़ी कर्मियों को इस अभियान में कार्य की जिम्मेदारी दिए जा के का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अभियान में जन-जन तक पहुंचने के लिए पंचायत स्तरीय ग्रुप बनाएं। इस अभियान में कोई छूटना नहीं चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### युवा मोर्चा के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली बनाई जाएगी सफल



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड अंतर्गत सभी शक्ति केन्द्रों में बूथ अध्यक्ष एवं संयोजको के साथ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के अगुवाई में बैठक किया गया। जिसमें आगामी 23 अगस्त युवा मोर्चा के नेतृत्व में जनआक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को शामिल होंने के लिए आग्रह किया गया एवं अगमी रविवार 25 अगस्त को प्रधानमंत्री मन की बात सभी भाजपाईयों को अपने अपने बूथों पर सुनने की चर्चा किया गया।

### छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल वितरण



**16 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित किए गए**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में झारखण्ड सरकार के मानव कल्याण विभाग के तहत शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया.साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा के 16 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया गया।वही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये उन्नति का पहिया के तहत सरकार साइकिल दे रही है।जिसे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिये परेशानी न हो।सरकार और अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। छात्र छात्राएँ साइकिल का उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे।वही बेटे बेटियों के प्रति सरकार की सामान्य सोच है।किसी भी तरह से पढ़ाई से कोई भी बच्चे बच्चियां वंचित न रहें।जिसके लिये सरकार द्वाराब सभी को साइकिल दिया जा रहा है।साथ ही बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के लिये सरकार छात्रवृति,पुस्तक तथा मध्याहन भोजन दे रही है।

### किसानों के बीच बतख के चूजों का हुआ वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत किसानों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया.झारखड सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के उद्देश्य से गाय,बकरी,बतख,मुर्गी,शूकर पालन सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है।खेती कृषि के माध्यम से भी किसानों का आय व्रद्धि का योजना है।उसी निमित मंगलवार को प्रमुख फुलझरी देवी की उपस्थिति में ललेंद्र महतो,राजेन्द्र राम,मंगलेश्वर उरांव,सिकेन्द्र उरांव,सविता देवी, सीरिया देवी, शांति उरांव, राजू महली,तेतरी उराइन,रामप्रताप भगत,फूलदेव उरांव, रेणु उरांव, सरिता कुमारी,मुन्नी उरांव, रंथु उरांव, शंकर यादव,कुलदीप उरांव,महेश उरांव सहित 45 किसानों के बीच 15 - 15 बतख चूजा का वितरण किया गया। जिसे किसान बतख पालन कर समृद्ध हो सके।वही प्रमुख फुलझरी देवी ने जानकारी बताया कि झारखंड सरकार 90 प्रतिशत और 75 प्रतिशत अनुदानित मूल्य में किसानों को गाय, बकरी,शूकर,मुर्गी,बतख दे रही है। जिसे किसानों का आय में वृद्धि हो और समृद्ध बने।मौके पर डॉ। मनोज कुमार,डॉ। रोहित कुमार,साहेब सिंह के अलावे अन्य सभी किसान मौजूद थे।

### समिति ने तीन यूनिट रक्तदान किया



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीज को तीन यूनिट ब्लड देकर इलाज में मदद किया गया। जानकारी के अनुसार कुडू प्रखंड के हनहट उरांव टोली निवासी फुलमनी उरांव पति चारो उरांव एवं सदर अस्पताल के नर्स की भाई दोनो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थे। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए क्रमशः मन्हो समिति सदस्य लाल गौतम नाथ सहदेव,जिला सदस्य करण कुमार एवं शुभम कुमार ने उक्त पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा पीड़ितों की सेवा करने से अलग ही आनंद आती है गरीबों की चिंता और दुख दर्द समझने वाली अगर कोई है तो वह सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति ही है जो समय-समय पर लोगों के लिए मिशाल पेश करती हैं। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## किस्को इंटर कॉलेज के पास सड़क निर्माण की मांग रखी



**नवीनम मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने मंगलवार को एलआरडीसी सुजाता कुजूर से मुलाकात कर किस्को कॉलेज के पास सड़क निर्माण के निमित ज्ञापन सौपा। छात्र नेता अंकित कुमार ने एलआरडीसी को बताया कि जिला मुख्यालय से सटे प्रखंड किस्को में एकमात्र कॉलेज है किस्को इंटर कॉलेज । जिसमें किस्को प्रखंड के हर पंचायत और शहर के विद्यार्थी गण पढ़ाई के लिए आते हैं। फिलहाल अभी बरसात का मौसम है जिसमें कॉलेज के अपनी जमीन पर खुला मैदान है और मैदान के बगल से ही सड़क निकाला गया है जिसमें बरसात के मौसम में सड़क में जल जमाव, तथा कीचड़ हो जाता है। स्थिति इतनी भयावह हो जाती है की किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उसी सड़क से विद्यार्थियों को कीचड़ में चलकर अपने विद्यालय में जाना पड़ता है। इसके लिए या तो विद्यार्थी साइकिल या पैदल ही विद्यालय जाने को विवश होते हैं। अगर देखा जाय तो सभी विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं।

**23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव व आक्रोश रैली करेगी भाजपा**

## ताबूत में अंतिम कील ठोकने का कार्य करेगी भाजपा : समीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कोई भी राज्य किसी राजनीति पार्टी का जागीर नही होती। उस राज्य की जनता 5 वर्षो के लिए चुन कर उसे सुशासन चलाने के लिए सौंपती है।

जिसे 5 वर्ष बाद छीन भी सकती है,परंतु हेमंत सोरेन झारखंड को अपनी जागीर समझ बैठे है,जो उनकी बहुत बड़ी भूल है।उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को लाखों की संख्या में आक्रोशित युवा रांची पहुंच मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे व सरकार की ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करेंगे। कहा कि झारखंड की ठगबंधन की सरकार युवाओ को




ठगने का काम किया है। चुनाव के समय प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को नॉकरी या बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का लॉलीपॉप दिखाया गया था। पांच वर्षों में किसी युवा को भत्ता नही दी गई,और इन पांच वर्षों में सिर्फ 25 हजार युवाओ को ही नॉकरी मिला। जिससे युवाओ में भारी आक्रोश है। प्रदेश के सभी युवा ऐसी निक्कमी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उतावली है। हेमंत सरकार द्वारा लायी गयी मैईयां योजना सहित सभी योजनाए सिर्फ प्रलोभन देने वाली साबित हुई। उन्होंने कहा कि किसानों का लोन माफी के लिए हेमंत सोरेन केंद्र पर आश्रित है। लोन माफी की चुनावी घोषणा हेमंत सोरेन ने किया है। लोन माफी के लिए उतनी राशि राज्य सरकार को बैंको में जमा करनी चाहिये थी। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, ओम सिंह,श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो,राज मोहन राम, बालकृष्ण सिंह, नवीन कुमार टिंकू,पशुपति नाथ पारस, अनिल उराँव, सरिता देवी, विजय सोनी, बाल्मीकि कुमार आदि उपस्थित थे।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस जनों ने बांटे कंबल व मिठाई

**मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सौजन्य से मरीजों के बीच कंबल एवं मिठाइयों का किया गया वितरण**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सौजन्य से लोहरदगा सदर अस्पताल में मरीजों के बीच कंबल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि राजीव गांधी गरीबों के सेवक थे। वे सामान्य रूप से आमजनों से मिलते थे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया। महिला बहनों को उन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के साथ युवाओं को मताधिकार की



उम्र 21 साल से 18 साल किया ताकि युवाओं की सहभागिता लोकतंत्र में हो सके। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी कंप्यूटर तकनीक क्रांति को देश में आगे बढ़ने का काम किया। गरीब बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय का निर्माण किया ताकि वह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। हमें आज के युग में उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। हम उनके संग के योगदानों को नहीं भुला सकते। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सदरुल अंसारी,हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, ठाकुर प्रसाद, रसीद अंसारी, फारुख हुसैन, मुशर्रफ रजा, असरफ अंसारी, मिखाईल अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गयो अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में आर्यन चौधरी, अंकित अर्पण भगत व रितिका साहू की टीम ने द्वितीय स्थान, विज्ञान प्रश्न मंच में रोशन कुमार, शुभम कुमार राम व आयुष आर्या की टीम ने द्वितीय स्थान, वैदिक गणित प्रश्न मंच में माइकल जैक्सन कुजूर, अजय उरांव व अमर उरांव की टीम ने द्वितीय स्थान, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में जसपती कुमारी, आकांक्षा पांण्डेय व करीना उरांव की टीम ने प्रथम स्थान, त्वरित भाषण में ज्योति प्रिया कुजूर ने प्रथम स्थान और विज्ञान पत्र वाचन में कुमारी अंतरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और आचार्य, दीदी जी के द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गयो महाविद्यालय के प्राचार्य और सभी आचार्य दीदी जी ने प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी विजेता भैया-बहनों को शुभकामनाएं दी।

**मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया**



**वन प्रमंडल गुमला ने अमलीया जंगल में आयोजित किया वन रक्षाबंधन कार्यक्रम**

## जंगलों को बचाने के लिए वन विभाग का सहयोग करें : पीसीसीएफ

**एपीसीसीएफ राजीव कुमार व सीएफ थंगा पांडियन ने लिया हिस्सा**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और वन प्रमंडल गुमला के द्वारा भरनो प्रखंड के अमलीया जंगल में वन संरक्षण और पर्यावरण रक्षा के लिए विशेष वन रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अमलीया रायकेरा जंगल से सटे कई गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जंगल के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर जंगलों को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एपीसीसीएफ राजीव कुमार, सीएफ गुमला थंगा पांडियन, आईएफएस आदर्श शरण, और रेंजर गुमला जॉन रॉबर्ट तिर्की सहित अन्य वन अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से ग्रामीणों के साथ जंगल के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर वन रक्षाबंधन मनाया।

एपीसीसीएफ राजीव कुमार ने अपने संबोधन में ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगलों को बचाने के लिए वन विभाग का सहयोग करें। उन्होंने कहा




कि जंगलों के संरक्षण से ही पर्यावरण की रक्षा संभव है और इसके लिए केवल वन विभाग ही नहीं, बल्कि जंगल के आसपास रहने वाले सभी ग्रामीणों को भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीएफ थंगा पांडियन ने कहा कि पेड़ रहेंगे, तभी वर्षा होगी। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा। प्रकृति के पूजक के रूप में हमें प्रकृति और जंगलों की रक्षा करनी होगी।

आईएफएस आदर्श शरण ने कहा कि मानव और जंगल के बीच एक अन्योनाश्रित संबंध है, जिसे हर हाल में बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जलावन के लिए केवल सूखी लकड़ी और झाड़ियों का उपयोग करें और हरे पेड़ों को न काटें, क्योंकि इससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर अमलीया वन समिति के अध्यक्ष उदय सिंह, पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह, और आसपास के कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## चौकीदार पंचायत ने सांसद सुखदेव भगत का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मानित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने चौकीदारों के विभिन्न समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए कहा की लोहरदगा सहित पूरे झारखंड के सभी जिलों में चौकीदार बहाली हेतु विज्ञापन निकाला गया है। जिसमें कई तरह के त्रुटि है और पुराने चौकीदारों के साथ अन्याय हो रहा है। तत्काल विज्ञापन को रद्द किया जाय। समशुल अंसारी ने कहा की लोहरदगा जिला में भी विज्ञापन निकाला गया है जिसमें रिक्त पदों पर बहाली निकाली गई

**चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, निदान की मांग की**



है। शमशुल ने बताया कि जो चौकीदार 1/1/ 1990 से नौकरी करते आए और उनके आश्रित को एक बार क्षतिपूर्ति के आधार पर बहाली करने का आदेश सरकार के द्वारा दिया गया था लेकिन उनके जगह पर विज्ञापन निकालकर बहाली किया जा रहा है। अगर विज्ञापन निकाल कर बहाली की जाती है तो पुराने चौकीदार के आश्रित एक भी बहाली नहीं हो पाएंगे। जो चौकीदार कार्यकाल के दौरान मृत्यु कर गए हैं उनके आश्रित को अनुकंपा के आधार पर बहाली होना है वैसे बीट पर भी विज्ञापन निकाला गया है जो गलत है।सांसद सुखदेव भगत ने चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि इस बात को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उपायुक्त और मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे। चौकीदारों को हक दिलाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संयुक्त सचिव निजावत अंसारी, वर्षा उरांव, कृष्णा महतो, अब्दुल पावरिया, बिलास उरांव, सहयोग अंसारी, संजीव महली, लक्ष्मण उरांव, रवि लोहार, उपेंद्र गोप, फकीर अंसारी, बंधन लोहार, राजकुमार उरांव, मिथिलेश यादव, सुमन खलखो, सोनी उरांव, रितेश, योगेंद्र, चमरा उरांव, बिहार उरांव, सुजीत उरांव, रामकेश्वर मुंडा , अजय मोहाली, अमीन लोहार, सरजू यादव, फूलों देवी, शाहिद अंसारी के अलावे काफी संख्या में चौकीदार उपस्थित थे।

संपादकीय

# सौर ऊर्जा है सबसे बड़ा विकल्प

पिछले चार-पांच दशकों में विश्व की बढ़ती हुई आबादी के लिए ऊर्जा की मांग काफी तेजी से बढ़ रही है। इस मांग को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। अब नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का इकलौता विकल्प रह गया है, क्योंकि यही कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की सुरक्षा करने में मददगार है। नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प प्रचुर मात्रा में सरलता से उपलब्ध हैं। इन पर किसी भी देश का एकाधिकार नहीं होता है। इस कारण इनकी आपूर्ति आसानी से की जा सकती है। वर्ष 2004 में केंद्र सरकार ने तय किया था कि 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस के तौर पर मनाया जाएगा, ताकि अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। पिछले कई दशकों से हम जिन ऊर्जा स्त्रोतों का जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं, वे सीमित हैं। निरंतर दोहन के कारण उनका भंडार कम होता जा रहा है। दूसरी बात है कि जीवाश्म ईंधन प्रदूषणकारी भी हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने 2030 के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जलविद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य शामिल है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जैसे राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन, जिसका लक्ष्य अनुसंधान एवं विकास और कच्चे माल तथा उत्पादों के घरेलू उत्पादन से देश में सौर ऊर्जा उपयोग की लागत को कम करना है। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन भी किया गया है। पेरिस में 30 नवंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान भारत और फ्रांस ने इसकी संयुक्त शुरूआत की थी। कर्क और मकर रेखा के बीच आंशिक या पूर्ण रूप से बसे हुए 122 सौर संसाधन संपन्न देशों के इस गठबंधन का मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में है। इस फ्रेमवर्क में वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत व स्वच्छ जैव-ईंधन प्रौद्योगिकी के लिए शोध में निवेश को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। साफ धूप वाले दिनों में सौर ऊर्जा का औसत पांच किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर होता है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए लगभग तीन हेक्टेयर समतल भूमि की आवश्यकता होती है। उष्ण-कटिबंधीय देश होने के कारण हमारे यहां वर्ष भर में सूर्य का प्रकाश लगभग 3,000 घंटे तक मिलता है। सौर ऊर्जा उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान रूफटॉप सौर उर्जा और सोलर पार्क का है। यह देश में बिजली उत्पादन की स्थापित क्षमता का 16 प्रतिशत है। सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना तक बढ़ने की संभावना है। सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने से जीडीपी दर भी बढ़ेगी। हमारे देश ने संकल्प लिया है कि वर्ष 2030 तक बिजली उत्पादन की हमारी 40 फीसदी स्थापित क्षमता ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों पर आधारित होगी।

> पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जलविद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य शामिल है।

# भारतीय कृषि का अमृतकाल



आज की बात



शिवराज सिंह चौहान

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है। बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है। हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊजार्दाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है। यूरिया पर सरकार किसानों को करीब 2,100 रुपये सब्सिडी जबकि डीएपी के एक बैग पर 1083 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।

मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाए। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं-बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मोदी जी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनाएंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 1500 से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जाएगा। साथ ही 6,800 करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरूआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल और अन्य उपज के लिए नए बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जाएगी। यजुर्वेद में उल्लिखित है 'अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः' अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है - अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है। इसलिए हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी किसानों को प्रणाम किया गया है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसका आत्मा। हमारे लिए किसान की सेवा भगवान की पूजा है।

**(लेखक भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री हैं)**

आपकी बात

# धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर



प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में हुए शर्म से डुबो देने वाले हौलनाक कांड ने कई तरह के सवाल पैदा किए हैं। कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के तमाम प्रयासों के बीच मेडिकल स्टूडेंट (ट्रेनी लेडी डॉक्टर) की रेप के बाद की गई हत्या से सारे देश में उबाल है। ऐसे मामलों में धीमी न्याय प्रक्रिया भी निर्भयाओं के हौसले को कमजोर करती है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी, जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमजोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है , जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है तथा प्रभावशाली अपराधी अकसर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है। पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड ,महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अकसर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है। विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अकसर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद



उमेश चतुर्वेदी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया। नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि 'भारत छोड़ो' का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया। यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया। बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> यदि आप किसी रोग, आर्थिक समस्या, भावनात्मक विक्षेप से पीड़ित हैं, तो ईश्वर या अन्य किसी व्यक्ति को दोष न दें। आपने स्वयं ही भूतकाल में इस समस्या के कारणों को रचा था तथा अब आपको इसे उखाड़ फेंकने का दृढ़ निश्चय करना ही होगा।

# विपत्ति के समय में शक्ति




श्री श्री परमहंस योगानंद

दुःख हमें लगभग सभी कुछ सिखा सकता है। इसकी शिक्षाएँ हमें दुःख स्वतन्त्र इच्छा के दुरुपयोग से उत्पन्न होता है। ईश्वर ने हमें उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। वे नहीं चाहते कि हमारा कष्टों से सामना हो, परन्तु जब हम ऐसे कर्म चुनते हैं जो हमें कष्ट पहुँचाएँ तो वे हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बुरा स्वास्थ्य या अचानक आर्थिक असफलता या अन्य कष्ट जो आप पर बिना किसी चेतावनी के और बिना उनके कारण की जानकारी के आते हैं, उनके सभी कारण आपने अतीत में, इस जन्म में या पिछले जन्मों में बनाए थे, तथा वे चुपचाप आपकी चेतना में अंकुरित होते रहे हैं। यदि आप किसी रोग, आर्थिक समस्या, भावनात्मक विक्षेप से पीड़ित हैं, तो ईश्वर या अन्य किसी व्यक्ति को दोष न दें। आपने स्वयं ही भूतकाल में इस समस्या के कारणों को रचा था तथा अब आपको इसे उखाड़ फेंकने का दृढ़ निश्चय करना ही होगा। प्रारब्धवादी दृष्टिकोण को अपना कर, बहुत से लोग कर्म की गलत व्याख्या करते हैं। आपको कर्म को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है। यदि मैं आपसे कहूँ कि कोई व्यक्ति आपके पीछे आपको चोट पहुँचाने के लिए तैयार खड़ा है क्योंकि पहले कभी आपने उसे चोट पहुँचाई थी, और आप नम्रता से यह कहें, 'ठीक है, यह मेरा कर्म है', और चोट खाने के लिए उसकी प्रतीक्षा करते हैं, तो निःसन्देह, आप पर प्रहार तो होगा ही! आप उसे शान्त करने का प्रयास क्यों नहीं करते? **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से





धर्म अध्यात्म

# सनातन व गांधी से लेकर फादर बुल्के तक के राम



सुनील बादल

भारत में अभिवादन करते समय सेना से लेकर बहुत से लोग राम राम कहते हैं,सभी सनातनी बात बात पर राम चरित मानस की चौपाइयों को कहावतों की तरह उद्धत करते हैं और राम की पूजा उस मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में होती है जो एक आदर्श राज्य यानी रामराज्य के परवर्तक थे तथा उनके परिवार के आदर्शों की कथा रामायण के रूप में सदियों से श्रद्धा से पढ़ी जाती है। धारावाहिक और फिल्मों के अलावा अनेक देशी-विदेशी भाषाओं में उनकी रामकथा अनुदित हुई। आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राम मंदिर बना तो एक बार फिर राम चर्चा के केंद्र में हैं। बाल्मीकि के संस्कृत रामायण के बाद भी अनेक रामायण आए पर लोकभाषा में तुलसीदास रचित रामचरित मानस की लोकप्रियता सर्वाधिक है। रामायण पर विशेष अध्ययन करने वाले रांची निवासी फादर कामिल बुल्के बाइबल के समान रामायण को महत्व देते थे और उनके आदर्श चरित्र का बहुत ही बारीकी से वर्णन किया है। रामायण का उर्दू, फारसी सहित अनेक विदेशी भाषाओं में भी अनुवाद हुआ और इसमें धार्मिक या विचारों के स्तर पर कभी विवाद नहीं हुआ। हे राम! महात्मा गांधी के ये आखिरी शब्द थे। अपने इन अन्तिम शब्दों के साथ महात्मा गांधी ने 30 जनवरी सन 1948 के दिन दुनिया को अलविदा कहा था । गांधी एक सनातनी हिन्दू थे हिंदू धर्म में उनकी अटूट आस्था थी । उनके आदर्श 'राम' और सपनों का भारत 'रामराज्य' पर आधारित था। उनकी कल्पना के केन्द्र में एक ऐसे भारत का निर्माण रचा बसा था जिसमें असमानता, अशिक्षा, असन्तोष, अशान्ति, अनैतिकता, अंधकार की कोई जगह नहीं थी।एक ऐसा राज्य जिसे श्री राम ने अयोध्या लौटने के बाद स्थापित किया था पुनः भारत में स्थापित करना ही गाँधी के जीवन का सार था । एक ऐसा अद्वितीय आदर्श राज्य जिसका उदाहरण आदिकाल से दिया जाता रहा है और संभवतः भविष्य में भी दिया जाता रहेगा जब तक इससे बेहतर शासन या परिवार चलाने का मॉडल न दिया जाए। गांधी उसी रामराज्य की कल्पना करते थे। गांधी जी का राम के राज्य जैसी धार्मिक सदभाव की भावना रखते थे। दुनिया के ज्यादातर धर्मो का सार जानने, समझने के साथ, 1947 में हरिजन में गांधी कहते हैं कि धर्म नैतिकता सिखाता है वे कहते थे कि, मेरा हिन्दुत्व मुझे सभी धर्मो का आदर करना सिखाता है। रामराज्य का रहस्य इसी में



निहित है। सबके अपने-अपने राम हैं, और सदियों से रहे हैं। किसी ने भक्ति में ढूंढा, किसी ने शक्ति में खोजा, किसी ने आत्मीयता तो किसी ने मानवता में राम को तलाश किया। गांधी के राम सबसे अलग हैं। गांधी के प्रातःकाल के भजनों में सबसे जनप्रिय रघुपति राघव राजा राम' है। उन्होंने अपने इस भजन के माध्यम से प्रत्येक दिन संपूर्ण विश्व को यह संदेश दिया मनुष्यों में कोई भेद नहीं हैं। गांधी के राम बेहद उदार, सौम्य और करूणानिधान हैं, मानवता के पोषक हैं, भावना के भंडार हैं, अभय की अमोघ शक्ति हैं राजा होकर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने वाले हैं। छोटे बड़े के भेद से परे हैं, नारी के सम्मान के रक्षक हैं, युवाओं के मार्गदर्शक हैं, बच्चों के प्रेरणा श्रोत हैं। गांधी वर्ण व्यवस्था के हिमायती हैं और जाति-व्यवस्था के आलोचक हैं। गांधी सभी धर्म का सम्मान करते हुए हिन्दू धर्म को आदर्श मानते हैं।गांधी सन 1929 में यंग इंडिया में लिखते हैं कि रामराज्य से मेरा अर्थ हिंदू राज्य नहीं हैं बल्कि ईश्वरीय राज्य से है, भगवान के राज्य से है। गांधी का रामराज्य एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें समाज के हर तबके को समान प्रतिनिधित्व मिले, सभी के हितो का ध्यान रखा जाए वे कहते थे, मेरी कल्पना के राम कभी इस पृथ्वी पर रहे हों या न रहे हों, रामराज्य का प्राचीन आदर्श निस्संदेह एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें क्षुद्रतम नागरिक भी लंबी-चौड़ी और महंगी प्रक्रिया के बिना शीघ्र न्याय पा सकता है। यंग इंडिया में उन्होने लिखा कि रामराज्य में कुत्ते तक को न्याय मिला था। गांधी के विचारों ने न केवल भारत अपितु दुनिया भर के लोगों को न केवल प्रेरित करने का काम किया बल्कि दया, अहिंसा, सहिष्णुता, और शान्ति की संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांधी का जीवन हाशिये पर खड़े लोगों और शोषित समाज की आवाज उठाने में समर्पित रहा। नये भारत का खाका तैयार करने में गांधी की अहम भूमिका है।आज की 21वीं सदी गांधी को और भी आशा से देखती हुई नजर आ रही है। गांधी ने सर्वधर्म समभाव अर्थात सभी धर्म समान हैं तथा सर्वधर्म सद्भाव अर्थात सभी धर्मों के प्रति सद्भावना बनाए रखने के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को पुरजोर तरीके से संसार के समक्ष रखा।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है शिक्षा : सीएम योगी



**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समर्थ और सशक्त राष्ट्र की सबसे प्रमुख उपलब्धि शिक्षा होती है। शिक्षा सभ्य व समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है और बुनियादी जरूरत भी। शिक्षा के बिना मानवीय मूल्यों और जीवन सृष्टि की आवश्यकताओं की पूर्ति की कल्पना नहीं की जा सकती है। सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के लिए "निपुण भारत मिशन" के तहत प्रदेश में ह्यरोड टू स्कूलह्व के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ कर रहे थे। चरगांवा ब्लॉक क्षेत्र के एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्ति आत्मनिर्भर होगा तो समाज और राष्ट्र भी आत्मनिर्भर होगा। ऐसे में कोई कारण नहीं कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से वंचित रह जाए। उन्होंने शिक्षा के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन समय से अलग अलग कालखंडों में शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के प्रयास किए गए। इसमें गुरुकुल प्रणाली भी प्रेरक रही। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, काशी, कांचीपुरम की ख्याति अध्ययन और अध्यापन के बेहतरीन केंद्र के रूप में रही। प्राचीनकाल के अलावा बदले हालात में देश को आजादी मिलने के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रयास हुए, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब हम बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे तो भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सफल होंगे। रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट स्कूल चलो अभियान का ही नया रूप है। इसमें रिसोर्स पर्सन और उनके ऊपर की टीम एक पिरामिड के रूप में बच्चों को स्कूल लाने, उनकी उपस्थित बनाए रखने और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला कौशल की मॉनिटरिंग करती है। रोड टू स्कूल में बच्चों को उदाहरण देकर सिखाने पर जोर है। यह एक अभिनव कार्यक्रम है जो बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, कक्षा में उनकी नियमित उपस्थिति और आगे की कक्षाओं में प्रवेश के लिए संवेदनशील प्रयास करता है। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जो तमाम प्रयास हो रहे हैं, 'रोड टू स्कूल' उसी का हिस्सा है। बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर ह्यरोड टू स्कूलह्व प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने अशोक लीलैंड लिमिटेड और उसके कार्यान्वयन भागीदार लर्निंग लिंक फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने बताया कि रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में चरगांवा ब्लॉक के सभी 78 परिषदीय विद्यालयों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट) को शामिल किया गया है।

**सीएम योगी ने पिछले सात सालों से सरकार के प्रयासों से प्रदेश के परिषदीय स्कूलों की दशा में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा, "2017 के पहले ड्रापआउट एक बड़ी समस्या थी। बड़ी संख्या में नामांकित बच्चे भी स्कूल नहीं आते थे तो कई कक्षा पांच के बाद छह में और कक्षा आठ के बाद नौ में एडमिशन नहीं लेते थे। सरकार ने 'स्कूल चलो अभियान' में शिक्षकों की भूमिका को महत्व दिया तो आज ये समस्या दूर होती जा रही है। स्कूल चलो अभियान का परिणाम है कि 2017 के बाद यूपी के परिषदीय विद्यालयों में 50 से 60 लाख नए बच्चे बढ़े हैं। बीच के दो साल कोरोना से प्रभावित होने के बावजूद इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.92 करोड़ हो गई है।"**

# खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी है और हरित पर्यावरण के लिए रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में उन्होंने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। सरकार राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपॉजिटरी पोर्टल के माध्यम से भू-वैज्ञानिक डेटा के एकीकरण, खनिज संसाधनों की खोज और खनन में एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे कई कदम उठा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के हमारे प्रयास इस लक्ष्य के अनुरूप हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरित परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे खनिजों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की स्थापना से भारत को आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक विकास तथा हरित परिवर्तन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने कोलकाता में राष्ट्रीय भूस्खलन पूवार्नुमान केंद्र की स्थापना पर खुशी जताई, जो भूस्खलन की आशंका वाले सभी राज्यों के लिए पूर्व चेतावनी जारी करेगा।

## बदलापुर हैवानियत मामले में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

# भारी बवाल के बीच एसआईटी गठित

**एजेंसी। बदलापुर**

बदलापुर हैवानियत मामले को लेकर प्रदेश सरकार ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय ने ट्वीट कर कहा है कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे पुलिस आयुक्त को बदलापुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, सहायक उप-निरीक्षक और हेड कांस्टेबल को तुरंत निलंबित करने का आदेश दिया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने घटना के बाद शुरूआती चरण में कार्रवाई में देरी की थी। वहीं, घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। मामले की आगे की जांच एसआईटी करेगी।



### महिलाओं की सुरक्षा की उठी मांग

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना पर शिवसेना (यूबीटी) ने भी गुस्सा जाहिर किया है। पार्टी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि यह बहुत दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि हर बार कहा जाता है कि वे लड़ेंगे महिलाओं के अधिकारों के लिए और उन्हें न्याय मिलेगा, लेकिन चुनाव खत्म हो जाने के बाद कोई उनकी बात नहीं सुनता। वहीं प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि उन्हें मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना के तहत लाभ नहीं चाहिए। उन्होंने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा की मांग की है।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के मामले की जांच का जिम्मा एसआईटी को सौंप दिया गया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी आरती सिंह करेंगी। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बदलापुर स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसके अलावा उस स्कूल पर भी कार्रवाई की जा रही है जहां यह घटना हुई थी।

### स्कूल में तोड़फोड़

इधर, घटना से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। वे बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर उतर आए और लोकल ट्रेनों का परिचालन रोक दिया। इस दौरान गुस्साई भीड़ ने रेलवे स्टेशन पर पथराव भी किया। लोगों को इस बात से भी गुस्सा था की मामला दर्ज करने के लिए पुलिस ने पीड़ित परिवार को 12 घंटे का इंतजार करवाया। वहीं, प्रदेश के सीएम एकनाथ शिंदे ने चेतावनी दी है कि यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही या मिलीभगत पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदर्शन कर रही भीड़ से शांति बरतने की अपील की है। घटना को लेकर स्कूल के एक अटेंडेंट को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने घटना को लेकर प्राचार्य, एक क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया है।

### सीएम शिंदे ने दिया दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को स्कूल में दो छात्राओं के साथ हुए कथित यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप दर्ज करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि मामले की त्वरित सुनवाई की जाएगी और एक विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया जाएगा। वहीं घटना के बाद अभिभावकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है।

### घटना के विरोध में जारी है प्रदर्शन

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में लोगों का प्रदर्शन जारी है। बदलापुर स्टेशन लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि लोग रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं।

# मदरसा में जो शिक्षा दी जा रही उसकी जांच हो : मंत्री नीरज बबलू

**एजेंसी। पटना**



बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा पर उठ रहे सवाल पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मदरसा में जो गतिविधियां होती है, वह सही नहीं होती है। मैं पहले से यह बात कहते आ र?हा हूं। देश के खिलाफ भड़काने को लेकर मदरसा में गलत शिक्षा दी जाती है।

**शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए :** नीरज कुमार बबलू ने कहा कि मदरसा में जो शिक्षा दी जा रही है, उसकी जांच होनी चाहिए। मदरसा में सिर्फ एक धर्म के बच्चे क्यों पढ़ेंगे? सभी धर्म के बच्चे क्यों नहीं पढ़ सकते हैं? शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी धर्म और सभी जाति के बच्चे को कहीं भी शिक्षा देने का काम होना चाहिए। मदरसा में अगर पाकिस्तान का सिलेबस पढ़ाया जा रहा है तो यह चिंता का विषय है। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। बीजेपी के सहयोगी चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के ने सरकारी नियुक्तियों के लिए किसी भी पहल की कड़ी आलोचना की है, जो आरक्षण के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। इस पर नीरज बबलू ने कहा कि हमारे सहयोगी दल के नेता अपनी बात रख रहे हैं, उनकी बातों पर विचार किया जाएगा।

### तेजस्वी यादव बेरोजगार हो चुके

तेजस्वी यादव के द्वारा लैटरल एंट्री पर केंद्र सरकार को घेरने के विषय पर मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा तेजस्वी यादव बेरोजगार हो चुके हैं। जनता ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया है। अनाप-शनाप बयान बाजी तेजस्वी यादव कर रहे हैं लोगों को भड़का कर। विधानसभा जब चलता है तो सदन में आते नहीं है, सरकार से सवाल पूछने के लिए। उन्होंने कहा कि वह जनता को भड़काने के लिए बयान दे रहे हैं जनता ने उन्हें विधानसभा भेजा है काम करने के लिए, मगर विधानसभा नहीं जाएंगे जनता का सवाल पूछने। जब सत्ता में रहते हैं तो लूट करने से फुर्सत नहीं मिलती है, उस समय जनता के बीच क्यों नहीं जाते हैं? धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले यह लोग बिहार को गर्त में ले जाने का काम किया है। बता दें कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बिहार सरकार द्वारा वित्त पोषित मदरसों में कट्टरपंथी पाठ्यक्रम पढ़ाए जाने को लेकर चिंता जाहिर की है। इसके अलावा मदरसों में पाकिस्तान की किताबें पढ़ाई जाने की बात भी सामने रही है।

# भूकंप के दो झटकों से दहली कश्मीर घाटी, बारामूला था केंद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मंगलवार को लगातार भूकंप के दो झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.9 और 4.8 दर्ज की गई है। हालांकि, इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने बताया कि पहला भूकंप सुबह 6:45 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 थी। भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में था और इसकी गहराई जमीन से 5 किलोमीटर नीचे थी। वहीं, दूसरा भूकंप सुबह 6:52 बजे आया और इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 थी। दूसरे भूकंप का केंद्र भी बारामूला जिले में था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर नीचे थी। मौसम विभाग के मुताबिक, भूकंप का असर पूरी कश्मीर घाटी में महसूस किया गया है। भूकंप के झटकों के बाद घरों में मौजूद लोग बाहर निकल आए। प्रांतीय अधिकारियों ने कहा है कि अभी तक घाटी में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

बता दें कि कश्मीर घाटी भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। 8 अक्टूबर, 2005 को कश्मीर में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। इस भीषण भूकंप ने कश्मीर में तबाही मचाई थी, जिसमें 80,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

# झारखंड में चंपाई की बगावत के बाद बिहार में गरमाई सियासत

**पटना।** झारखंड की राजनीति में इस वक्त हलचल तेज है और जल्दी ही कोई बड़ा खेल होने वाला है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली में जमे हुए हैं। जानकारी के अनुसार वे बीजेपी नेताओं के संपर्क में हैं। वहीं, जेएमएम वेट एंड वाच की स्थिति में है और जेएमएम को चंपई सोरेन के अगले कदम का इंतजार है। लेकिन, इसका असर न सिर्फ खटट पर पड़ेगा, बल्कि इसका प्रभाव झारखंड की महागठबंधन की सरकार पर भी पड़ सकता है। बल्कि, दिलचस्प ये कि अब झारखंड की राजनीतिक उठापटक की आंच बिहार की सियासत पर भी पड़ने की संभावना बढ़ गई है। कम से कम नीतीश कुमार के एक करीबी मंत्री के दावे से यही बात निकलकर आ रही है। दरअसल, झारखंड की राजनीति में पल पल बदल रहे राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव बिहार में भी पड़ने की संभावना दिखने लगी जब नीतीश कुमार के करीबी बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि जो कुछ झारखंड में महागठबंधन की सरकार के साथ हो रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृष :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें।

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे।

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## गिरिराज सिंह का बंगाल सरकार पर बड़ा आरोप

# ममता बना रहीं घुसपैठियों का आधार कार्ड

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय मंत्री और बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने बंगाल सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने सीधा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि ममता बनर्जी बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का आधार कार्ड बना रही हैं। ममता बनर्ती अगर आगे भी सीएम रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पश्चिम बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा।

**संकट में है बंगाल का अस्तित्व**

गिरिराज सिंह ने कहा कि दिल्ली में जो महिला मेड हैं वह बांग्लादेशी हैं। यहां आराम से घूम रही हैं और काम कर रही हैं। बांग्लादेश की बांग्ला भाषा में बात करती हैं। बंगाल में एक गहन जांच की जरूरत है। ममता बनर्जी वोट की लालच में अवैध घुसपैठियों को रेड कार्पेट दे रही हैं। ममता बनर्जी आज बंगाल के सारे अस्तित्व को खत्म कर रही हैं, इसलिए इस पर जांच होनी चाहिए।



### बंगाल ममता से नहीं संभल रहा तो दें इस्तीफा

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद उसकी हत्या करने की घटना पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह बहुत ही अजीब है। मैं हैरान हूं। बंगाल में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से खराब हो चुकी है। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के साथ साथ स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। कानून व्यवस्था और सत्ता उनके हाथ में है। अगर उनसे नहीं संभल रहा है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर उन्हें सत्ता से नहीं हटाया गया, तो पश्चिम बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा।

# उपचुनाव के पहले राहुल गांधी का अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली का दौरा

**एजेंसी। रायबरेली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच रहे हैं। एक दिवसीय दौरे वह रायबरेली के नसीराबाद क्षेत्र के पिछवरिया स्थित गांव में अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि रायबरेली के सांसद राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वह यहां से सीधे पिछवरिया पहुंचेंगे। यहां पर वो अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे कार से पिछवरिया के लिए रवाना होंगे। यहां पर पिछले दिनों दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके परिजनों से राहुल गांधी मुलाकात करेंगे। उस परिवार को न्याय दिलाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राहुल के दौरे के बाद रायबरेली की सियासत भी गरमाएगी। राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि अर्जुन की हत्या का मामला सवर्ण बनाम दलित हो गया है। भीम आर्मी प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई थी। 18 अगस्त को अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अर्जुन पासी के घर पहुंचा था। कांग्रेस सांसद ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और घटना की जानकारी ली। शर्मा ने रिपोर्ट राहुल गांधी को दी थी। इसके पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी की अगुवाई में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अर्जुन पासी के घर भेजा था। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी अपना एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित के घर भेजा था। नेताओं ने परिवार की वीडियो कॉल पर चंद्रशेखर से बात भी करवाई थी।



# कोलकाता डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में मुजफ्फरपुर में लगातार सातवें दिन हड़ताल

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर बिहार में जूनियर डॉक्टर की हड़ताल थमने का नाम नही ले रही है। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज मंगलवार को लगातार सातवें दिन भी मुजफ्फरपुर में ओपीडी बंद रही। जिसके कारण मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मंगलवार को भी मरीजों को बिना इलाज के वापस जाना पड़ा।




### लगातार सातवें दिन हड़ताल

पिछले सप्ताह सोमवार से एसकेएमसीएच के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। वहीं जूनियर डॉक्टर एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत ने कहा कि जब तक कोलकाता मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी और ओपीडी बंद रहेगी। मेडिकल कॉलेज में हड़ताल की वजह से मरीज निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। कुछ मरीजों ने बताया कि उन्हें डॉक्टर को दिखाना जरूरी है, लेकिन हड़ताल की वजह से निजी अस्पतालों में ज्यादा पैसे देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### मरीजों को बिना इलाज के जाना पड़ रहा वापस

मेडिकल कालेज में मुजफ्फरपुर के अलावा बेतिया मोतिहारी सीतामढ़ी आदि जिलों से भी मरीज आते हैं। बाढ़ की वजह से मौसमी बीमारियां से पीड़ित लोग इलाज के लिए आते हैं। लेकिन हड़ताल की वजह से वापस जाना पड़ रहा है।

### डॉक्टरों ने लगाया काला बिल्ला

इधर बिहार स्वास्थ्य संघ के निर्देश पर सदर से पीएचसी तक के डॉक्टरों ने काला बिल्ला लगाया है। संघ के जिला सचिव ने बताया की संघ ने राज्य सरकार से अपनी मांगे मानने के लिए 25 अगस्त तक का समय दिया है। 25 अगस्त तक हम काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। उसके बाद सरकार ने अगर मांगे नही मानी तो संघ ठोस कदम उठाएगा और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

# तेजस्वी अपने ही नेताओं को बिका हुआ बता रहे : पीके

**एजेंसी। पटना**

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर सोमवार को पटना में कार्यकतार्ओं के साथ बैठक के दौरान तंज कसते हुए कहा कि बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को गाली दे रहे हैं।

प्रशांत किशोर ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ही पत्र लिख कर अपने कार्यकतार्ओं और नेताओं से कहा कि आप जन सुराज में शामिल न हों। तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान का मतलब यह है कि वे खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकतार्ओं पर सवाल उठा रहे हैं। यदि वे कह रहे हैं कि राजद के लोग पैसा लेकर जन सुराज में जा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि वे खुद अपनी पार्टी के सदस्यों की नीयत पर शक कर रहे हैं।

पीके ने कहा कि ये तो तेजस्वी की राजनीतिक नादानी दिखाता है कि वो अपने ही कार्यकतार्ओं को बिका हुआ बता रहे हैं। यह साफ जाहिर होता है कि केवल पिता जी की राजनीतिक विरासत मिल जाने से कोई बिहार का राजनेता नहीं बन जाता है। लालटेन से किरासन तेल निकलने के डर से तेजस्वी बौखलाए हुए हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि राजनीति में ऐसे बयान अक्सर विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए दिए जाते हैं लेकिन कभी-कभी ये खुद की पार्टी में असंतोष और अव्यवस्था का संकेत भी दे देते हैं। इससे यह भी साफ होता है कि जन सुराज आंदोलन की तरफ से राजद को एक चुनौती महसूस हो रही है। तेजस्वी यादव के बयान से यह प्रतीत होता है कि वे जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित हो गए हैं। इसलिए वे इसे रोकने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।

# चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर



## अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से भिड़ेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी चोट के कारण अगले महीने चिली और कोलंबिया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार को एल्बीसेलेस्टे की 28 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वह जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी रिवर प्लेट के गोलकीपर फ्रेंको अरमानी को भी बाहर रखा गया, साथ ही रोमा के फारवर्ड पाउलो डायबाला को भी बाहर रखा गया। मिडफील्डर एजेक्विएल फर्नांडीज और स्ट्राइकर वैलेन्टिन कैस्टेलानोस को पहली बार बुलाया गया था, जबकि युवा प्रतिभाएं एलेजांद्रो गार्नाचो, वैलेन्टिन कार्बोनी, वैलेन्टिन बारको और मटियास सोल को भी शामिल किया गया है। अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से और पांच दिन बाद बैरैंक्विला में कोलंबिया से भिड़ेगा। एल्बीसेलेस्टे वर्तमान में छह मैचों में 15 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है।

### अर्जेंटीना टीम

- **गोलकीपर:** वाल्टर बेनिटेज़ (पीएसवी आइंडहोवेन), गेरोनिमो रूली (ओलंपिक डी मार्सिले), जुआन मुसो (अटलांटा), एमिलियानो मार्टिनेज (एस्टन विला)।
- **डिफेंडर:** गोंजालो मोंटिएल (सेविला), नहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटेनहम हॉटस्पर), जर्मन पेज़ेला (रिवर प्लेट), लियोनार्डो बालेरडी (ओलंपिक मार्सिले), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), लिसेंड्रो मार्टिनेज (मैनचेस्टर यूनाइटेड), निकोलस टैग्लियाफिको (ओलंपिक लियोनिस), वैलेन्टिन बारको (ब्राइटन और होव एल्बियन)।
- **मिडफील्डर:** गुइडो रोड्रिगेज (वेस्ट हैम यूनाइटेड), एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंजो फर्नांडीज (चेल्सी), जियोवानी लो सेल्सो (टोटेनहम हॉटस्पर), एजेक्विएल फर्नांडीज (अल कादसिया), रोड्रिगो डी पॉल (एटलेटिको मैड्रिड), , लिएंड्रो पेरेडेस (एएस रोमा)।
- **फॉरवर्ड:** एलेजांद्रो गार्नाचो (मैनचेस्टर यूनाइटेड), मटियास सोले (एएस रोमा), गिउलिआनो शिमोन (एटलेटिको मैड्रिड), वैलेन्टिन कार्बोनी (ओलंपिक मार्सिले), जूलियन अल्वारेज़ (एटलेटिको मैड्रिड), लुटारो मार्टिनेज (इंटर मिलान), वैलेन्टिन कैस्टेलानोस (लाज़ियो)।

## राजनीति में शामिल हो सकती हैं विनेश!

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में इस समय महिला पहलवान विनेश फोगाट की चर्चा है। पेरिस ओलंपिक में अपनी वेट कैटेगरी से मात्र 100 ग्राम अधिक वजन के कारण वो डिसक्वालीफाई हो गईं। अब खबर आ रही है कि पेरिस से निराश होकर लौटी दिग्गज पहलवान के आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। विनेश के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को आईएएनएस को यह जानकारी दी। विनेश ने पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी। लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार, कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विनेश पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गईं, क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। शनिवार को सोनीपत स्थित उनके गांव बलाली में विनेश का जोरदार स्वागत किया गया।

## जर्मनी के कप्तान गुंडोगन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास



**बर्लिन।** घरेलू धरती पर यूरो 2024 में जर्मनी की कप्तानी करने वाले इल्के गुंडोगन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। अनुभवी मिडफील्डर ने 33 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी से हटने का फैसला किया। अपने देश के लिए 82 मैचों में 19 गोल करने वाले गुंडोगन ने कहा, "कुछ हफ़्तों के चिंतन के बाद, मैंने फैसला किया है कि अब अपने राष्ट्रीय टीम करियर को समाप्त करने का समय आ गया है। मुझे अपने देश के लिए 82 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर गर्व है, एक ऐसी संख्या जिसके बारे में मैंने 2011 में अपने सीनियर पदार्पण के समय कभी सपने में भी नहीं सोचा था। निस्संदेह, पिछली गर्मियों में हमारे घरेलू यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम की कप्तानी करने का बड़ा सम्मान मेरा मुख्य आकर्षण था।" गुंडोगन की सेवानिवृत्ति थॉमस मुलर और टोनी क्रूस की अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद हुई है, जिन्होंने यूरो 2024 में स्पेन से जर्मनी की 2-1 क्वार्टर फाइनल हार के बाद संन्यास ले लिया था। अक्टूबर 2011 में बेल्जियम के खिलाफ़ गुंडोगन ने जर्मनी के लिए पदार्पण किया। चोट के कारण वे 2014 विश्व कप और 2016 यूरोपीय चैम्पियनशिप से चूक गए।

## डैरियस वीसे ने तोड़े कई टी20 रिकॉर्ड

**एजेंसी। आपिया**



क्रिकेट जगत में रोजाना नए रिकॉर्ड बनते और टूटते रहते हैं। इस लिस्ट में अब समोआ के डैरियस वीसे का नाम भी जुड़ गया है। समोआ के बल्लेबाज डैरियस वीसे ने वनुआतु के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप ईस्ट एशिया-पैसिफ़िक रीजन क्वालिफ़ायर मुक़ाबले में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ डाले, जिसकी बदौलत एक ही ओवर में उनकी टीम के खाते में 39 रन जुड़ गए। यह टी20 इतिहास में एक ओवर में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और ऐसा करते हुए उन्होंने अब से पहले इस प्रारूप में पांच बार एक ओवर में बनाए गए 36 रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। यह कीर्तिमान समोआ की पारी के 15वें ओवर में आया, जिसमें तीन नो बॉल भी शामिल थीं। डैरियस वीसे के इस शानदार ओवर ने न केवल कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए, बल्कि समोआ को एक मजबूत स्कोर तक भी पहुंचाया। उनकी 132 रनों की पारी, जिसमें 14 छक्के शामिल थे - टी20 इतिहास में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर। समोआ के अंतिम स्कोर 174 का 75.86% था, जो टी20 पारी में किसी एक बल्लेबाज द्वारा बनाए गए रनों के उच्चतम प्रतिशत का नया रिकॉर्ड है।

## करियर के सर्वोच्च स्थान पर हर्षिता समरविक्रमा और गैबी लुईस

**01** समरविक्रमा तीन पायदान ऊपर चढ़कर टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं

**02** गैबी लुईस चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गई हैं

**एजेंसी। दुबई**

श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा और आयरलैंड की गैबी लुईस ने डबलिन में टी20 सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी 20 रैंकिंग में करियर के सर्वोच्च स्थान हासिल किया। दूसरे टी20 मैच में 44 गेंदों पर 65 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाली समरविक्रमा तीन पायदान ऊपर चढ़कर टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी ओर, लुईस की 75 गेंदों पर 119 रनों की शानदार मैच विजयी पारी, जिसमें 17 चौके और दो छक्के शामिल थे, ने उन्हें चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंचा दिया, जो जुलाई 2022 से उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाली आयरलैंड की कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। मंगलवार को घोषित नई रैंकिंग अपडेट में दूसरे टी20 के साथ-साथ श्रीलंका और आयरलैंड के बीच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप (आईडब्ल्यूसी) वनडे सीरीज के पहले दो मैचों के प्रदर्शन को शामिल किया गया है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाले आयरलैंड के कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्रृंखला में अब तक 131 रन बनाकर आयरलैंड की शीर्ष रन बनाने वाली खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 28वीं रैंकिंग हासिल करने के लिए नौ पायदान की छलांग लगाई है। लीह पॉल ने भी चार पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि एमी हंटर 10 पायदान ऊपर चढ़कर अब संयुक्त 34वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के लिए, चामरी अथापथु के वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना से पीछे चौथे स्थान पर खिसकने के बावजूद, अन्य खिलाड़ियों को लाभ हुआ है।





## महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश से छीनी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी मंगलवार को बांग्लादेश से छीन ली है। तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाला यह वैश्विक टूनामेंट अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने यह फैसला बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल और हिंसा को देखते हुए लिया है। मालूम हो कि पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है जिस कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीन को अपना पद और देश छोड़ना पड़ा था।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर हो सकते हैं जहीर खान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान नई भूमिका में नजर आ सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, जहीर खान की मेंटॉर की भूमिका के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ बातचीत चल रही है। भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर खान को गौतम गंभीर की गैर-मौजूदगी से बनी जगह पर रखने की बात चल रही है। अगर जहीर यह पद संभालते हैं, तो लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी क्योंकि जहीर एक दिग्गज गेंदबाज रहे हैं।

## थोड़ी और तैयारी के बाद उतरूंगा मैदान पर : ईशांत शर्मा



### पुरानी दिल्ली 6 की टीम इस प्रकार है

ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा मैदान पर वापस आने और यहां नई दिल्ली के प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। पुरानी दिल्ली 6 मंगलवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स से भिड़ेगी और बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी। ईशांत ने आखिरी बार सफेद गेंद वाला मैच आईपीएल 2024 में खेला था लेकिन अब वह डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक है। ईशांत शर्मा ने एक बयान में कहा, "डीपीएल के लिए तैयारी अच्छी रही है। आईपीएल के बाद मुझे अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिला। बस अपनी फ्रेंचाइजी के लिए थोड़ी और तैयारी करूंगा और मैं डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हो जाऊंगा। आप सभी मुझे पुरानी दिल्ली 6 के लिए आने वाले मैच में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे।" ईशांत अपने विशाल अनुभव से युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पुरानी दिल्ली 6 के युवा खिलाड़ी ईशांत के साथ रहने का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। ईशांत ने पिछले हफ्ते कहा था, "युवा खिलाड़ियों के लिए मेरा संदेश है कि कड़ी मेहनत करते रहें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, यह प्रारूप क्रूर हो सकता है लेकिन अगर अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें और कड़ी मेहनत करें तो आप किसी भी प्रारूप में चमत्कार कर सकते हैं।

## ओलंपिक 2028 का हिस्सा बनना चाहते हैं स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, जो संभवतः टी 20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। स्टीव स्मिथ को इस साल जून में ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज अपने टी20 अंतर्राष्ट्रीय भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्मिथ ने हाल ही में सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का बीबीएल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इसका अर्थ यह है कि वह कम से कम 2026-27 तक पेशेवर क्रिकेट खेलते रहेंगे। लेकिन क्या वह ऑस्ट्रेलिया के टी20 सेट-अप में भी बने रहेंगे? स्मिथ इस संभावना से इनकार नहीं करते हैं। हालांकि, स्मिथ को ओलंपिक में खेलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, "मैं अगले चार साल तक कम से कम टी20 क्रिकेट खेलता रहूंगा।



## सबालेंका ने जीता सिनसिनाटी ओपन खिताब

**सिनसिनाटी।** आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जेसिका पेगुला को हराकर जनवरी के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपना पहला खिताब हासिल किया। बेलारूसी खिलाड़ी ने अपना प्रभावी प्रदर्शन करते हुए केवल 76 मिनट में 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, जो उनके करियर का 15वां खिताब और डब्ल्यूटीए 1,000 स्तर पर उनका छठा खिताब है। इस जीत से अमेरिकी पेगुला की नौ मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया, जिसने हाल ही में अपने कनाडाई ओपन खिताब का बचाव किया था। सबालेंका, जो जल्द ही दुनिया की नई नंबर दो खिलाड़ी बन जाएंगी, ने मैच पर जल्दी ही नियंत्रण कर लिया, चौथे गेम में पेगुला की सर्विस तोड़ दी और पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 26 वर्षीय खिलाड़ी को कुछ देर के लिए लड़खड़ाना पड़ा, जब पेगुला ने वापसी की, जबकि सबालेंका 5-4 पर खिताब के लिए सर्विस कर रही थी। हालाँकि, सबालेंका ने तुरंत अपना संयम वापस पा लिया, पेगुला की सर्विस को फिर से तोड़ दिया और आत्मविश्वास से मैच जीत लिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जोमैटो में हुई 5438 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील




**एजेंसी। मुंबई**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयर में मंगलवार को 21 करोड़ शेयरों (2.4 प्रतिशत इक्विटी) का सौदा हुआ। इसकी वैल्यू करीब 5,438.5 करोड़ रुपये थी। यह ब्लॉक डील एंटफिन सिंगापुर की ओर से 258 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद जोमैटो का शेयर हल्की गिरावट के साथ 259.58 रुपये पर शुरुआती कारोबार में ट्रेड कर रहा था। एंटफिन सिंगापुर के पास जोमैटो में 4.24 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। इसकी वैल्यू करीब 10,000 करोड़ रुपये की थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि इस ब्लॉक डील के साथ ही एंटफिन के लिए 90 दिनों का लॉक-इन- पीरियड शुरू हो गया है। इसके बाद ही एंटफिन कोई दूसरा सौदा बाजार में कर पाएगी। इससे पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एंटफिन जोमैटो में 1.54 प्रतिशत हिस्सेदारी 408 मिलियन डॉलर में बेचने की योजना बना रही है।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जोमैटो के मुनाफे में 126 गुना का इजाफा हुआ है। अप्रैल-जून की अवधि के बीच कंपनी ने 253 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2 करोड़ रुपये था। नतीजे आने के बाद से जोमैटो का शेयर 12 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दे चुका है।

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी की आय में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की वृद्धि देखने मिली है और अप्रैल-जून की अवधि में यह 4,206 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जोमैटो की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 27 प्रतिशत बढ़कर 9,264 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) सालाना आधार पर 130 प्रतिशत बढ़कर 4,923 करोड़ रुपये हो गई है। ब्लिंकिट की योजना मार्च 2025 तक 1,000 स्टोर्स खोलने की है। 2026 के अंत तक मुनाफे में रहते हुए 2,000 स्टोर्स खोलने की है। इसमें से ज्यादातर स्टोर्स टॉप 10 शहरों में खोले जाएंगे।

## एक साल में जुड़े इंटरनेट के 7.3 करोड़ नए ग्राहक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या पहुंची 119.9 करोड़ के पार पहुंच गई है जबकि ब्रॉडबैंड ग्राहको की संख्या 9.15 प्रतिशत बढ़ी है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में विभिन्न सेवाओं में हो रहे तेज विकास और उनके मापदंडों पर प्रकाश डाला गया है। सेवा प्रदाताओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान देश में कुल टेली-घनत्व (टेलीफोन सुविधा प्राप्त आबादी का अनुपात) 31 मार्च 2024 को 85.69 प्रतिशत पर पहुंच गया। यह 31 मार्च 2023 में 84.51 प्रतिशत था। इस प्रकार इसमें 1.39 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या 88.1 करोड़ से बढ़कर 95.4 करोड़ हो गई जो 8.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष के दौरान 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक जुड़े। ब्रॉडबैंड सेवाओं में भी तेजी जारी रही। ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या एक साल पहले के 84.6 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 92.4 करोड़ हो गई।

## सेंसेक्स 378 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 80,517 से लेकर 80,942 और निफ्टी 24,607 से 24,734 की रेंज में कारोबार किया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 378 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,802 और निफ्टी 126 अंक या 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,698 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) 2,394 शेयर हरे निशान, 1,544 शेयर लाल निशान और 98 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

## भारतीय रेल ने ट्रेनों के लिए लॉन्च किया हाईटेक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम

**एजेंसी। गुवाहाटी**

भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एडवांस वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को लॉन्च किया गया है। इस सिस्टम को ट्रायल आधार पर ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस में लगाया गया है। इस नए एडवांस सिस्टम को लगाने का उद्देश्य लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों के लिए पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (सीपीआरओ) कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि कामाख्या रेलवे स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस के एक रेक में पायलट प्रोजेक्ट के तहत रियल टाइम वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम 'वाटर लेवल इंडिकेटर' लगाया गया है। अगर यह पायलट प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो इसे आने वाले समय में अन्य ट्रेनों में भी लगाया जाएगा। इससे ट्रेन यात्रा के दौरान पानी का प्रभावी तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। इस एडवांस सॉल्यूशन के माध्यम से आसानी से ट्रेन के डिब्बों में मौजूद पानी की उपलब्धता का पता लगाया जा सकता है। इसमें एलओआरए और जीपीआरएस आधारित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इसकी रेंज भी अधिक है और यह कम पावर का इस्तेमाल करते हुए डेटा ट्रांसमिट कर सकता है, जो कि रिमोट लोकेशन के लिए काफी उपयोगी है। इस सिस्टम के माध्यम से आसानी से रियल-टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकेगा। इसका सेंसर पानी के स्तर को 0.5 प्रतिशत की सटीकता के साथ एक से पांच मीटर के बीच नापता है। एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कामाख्या रेलवे स्टेशन पर इस नए इनिशिएटिव की शुरुआत की गई है।

यह गुवाहाटी में गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेशन है।

## जुलाई में 39 प्रतिशत म्यूचुअल फंड ने बेंचमार्क को पछाड़ा

**एजेंसी। मुंबई**

देश में 283 ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम (सेक्टरोल और थीमैटिक फंड्स को छोड़कर) में से 39 प्रतिशत ने जुलाई 2024 में अपने बेंचमार्क से अधिक रिटर्न दिया है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। पीएल (प्रभुदास लीलाधर) वेल्थ मैनेजमेंट की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि जुलाई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (सेक्टरोल और थीमैटिक फंड्स को छोड़कर) 5.37 प्रतिशत बढ़कर 25,12,845.99 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि जून 2024 में 23,84,727.69 करोड़ रुपए था। रिपोर्ट के मुताबिक, वैल्यू कॉन्ट्रा डिविडेंड यील्ड कैटेगरी के फंड्स का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। इस कैटेगरी के 78 प्रतिशत म्यूचुअल फंड ने अपने बेंचमार्क से ज्यादा रिटर्न दिए हैं। वहीं, स्मॉलकैप का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि 31 लार्जकैप म्यूचुअल फंड्स स्कीम में से 18 (58 प्रतिशत) ने अपने बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई 100 से ज्यादा रिटर्न दिया है। लार्ज एंड मिडकैप फंड कैटेगरी की 29 में से केवल 7 (24 प्रतिशत) स्कीम ही अपने बेंचमार्क निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 को पछाड़ने में सफल हुई हैं।

## अप्रैल-जून तिमाही में एफडीआई निवेश 26 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 26.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के ताजा मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 6.9 अरब डॉलर का शुद्ध एफडीआई निवेश आया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 4.7 अरब डॉलर था। मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंसियल सर्विसेज, कम्यूनिकेशन सर्विसेज, कम्प्यूटर सर्विसेज, इलेक्ट्रिसिटी, एनर्जी और अन्य सेक्टर में 80 प्रतिशत ग्रॉस एफडीआई इन्फ्लो आया है। आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड, यूएस और बेल्जियम से 75 प्रतिशत एफडीआई आया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 9.8 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश आया था, जो कि इससे पहले के वर्ष में 28 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2021-22 में 38 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में बताया गया कि 2023-24 में घटने के बाद निर्यात में 2024-25 में अब तक बढ़त देखने को मिली है। चीन को छोड़कर निर्यात के कुल मूल्य में लगभग आधा हिस्सा रखने वाले शीर्ष 10 गंतव्यों देशों में से नौ में मांग में बढ़त दर्ज की जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की निर्यात बास्केट में इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग गुड्स का भार बढ़ता जा रहा है। वहीं, पारंपरिक निर्यात जैसे ज्वेलरी, टेक्सटाइल, गारमेंट्स, लेदर और समुद्री उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता खो रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजनेस सर्विस जैसे सपोर्ट ऑपरेशंस, इंजीनियरिंग, रिसर्च एंड डिजाइन तेजी से आईटी और सॉफ्टवेयर को पछाड़कर भारत के निर्यात का पावरहाउस बन रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है।



# 'जनता के साथ दुर्व्यवहार करने पर दंडित होंगे पुलिस अधिकारी'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राज्य के हर जिले में जनता दरबार लगाया जायेगा। इस दौरान पुलिस विभाग के आलाधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के एसपी शामिल हुए। राज्य में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने को लेकर कई एजेंडे पर चर्चा हुई। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी को दिशा निर्देश दिए। डीजीपी ने सख्ती के साथ निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों के लिए अधिकारी जीरो टोलेरेंस पर काम करेंगे।

डीजीपी ने बताया कि झारखंड के हर जिले में पुलिस जनता दरबार लगाएगी। इसे लेकर रोडमैप तैयार कर लिया गया है। आम जनता और पुलिस के बीच के गैप को खत्म करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। इससे जनता में जागरूकता और बिना किसी डर भय के आम नागरिक पुलिस के साथ एक सुगम संबंध बनेगा। डीजीपी ने कहा कि जनता दरबार में छोटे-बड़े सभी प्रकार की शिकायतें सुनी जाएगी। इसके साथ ही कोई भी पुलिस अधिकारी आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करेगा, उसके खिलाफ भी जनता दरबार में शिकायतें सुनी जाएगी। डीजपी ने बताया कि जनता दरबार में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



### महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग गंभीर है। इसे लेकर महिला थाना को सशक्त बनाने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए हर जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। हाल के दिनों में बार कोड स्कैनर के साथ टॉल-फ्री नंबर लांच किया गया है। जिसे शहर के विभिन्न ऑटो रिक्शा और बसों में चिपकाया गया है। बार कोड की मदद से महिला के साथ किसी भी प्रकार की विकट परिस्थिती में केवल बार कोड स्कैन करने पर वहां तत्काल मदद पहुंचेगी।

### उग्रवादियों के संपत्ति की होगी कुर्क : डीजीपी

डीजीपी ने कहा कि उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम किया जा रहा है। इसे लेकर भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि उग्रवाद से अर्जित की गई संपत्ति की कुर्की जब्ती करने की तैयारी है। डीजीपी ने कहा कि उग्रवादियों को चिन्हित कर उनके मकान-दुकान सहित सारे संपत्तियों को जब्त किया जायेगा। उग्रवाद से लोगों को डराना, धमकाना और उनकी गाड़ियां जला देना, ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे लेकर एटीएस की मदद से टीम बना कर कार्रवाई की जा रही है।

## हरियाणा संघ ने चलाया सदस्यता अभियान

**रांची।** हरियाणा संघ ने संचालन समिति गठित कर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। हरियाणा संघ द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा होली के अवसर पर कवि सम्मेलन किया जाता रहा है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता जारी रखने के लिए महाराजा अग्रसेन भवन सभागार में बैठक बुलाकर सर्वसमति से निर्णय लिया कि हरियाणा संघ में अधिक से अधिक संख्या में आजीवन सदस्य बनाए जाएं। संघ के 50 से अधिक सदस्यों की मौजूदगी में चर्चा और परिचर्चा के बाद सभा की सहमति से रमेश चंद्र शर्मा और विनोद जैन के नेतृत्व में 11 सदस्यों की संचालन समिति का गठन किया गया और निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त तक अधिक से अधिक आजीवन सदस्य बनाकर सितंबर माह में कार्यसमिति का चुनाव कराया जाए। इस निमित मंगलवार को श्री मारवाड़ी ब्राह्मण भवन सभागार में संचालन समिति द्वारा आयोजित बैठक में 100 से अधिक हरियाणा के लोगों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की।


## OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICE AUTHORITY, LATEHAR

### Notice

As per the direction of JHALSA, Ranchi, the last date for submission of application for the posts of Chief, Defence Legal Aid Counsel at LADC, Office, at Latehar is extended till 28.08.2024 at 05.00 p.m. The interested candidate may submit his/her application till 28.08.2024 in the office of DLSA Latehar.

By Order
Secretary
DLSA, Latehar

PR 333139 Law(24-25)#D

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI 834 001, JHARKHAND.

### CORRIGENDUM -1

**Name of Project:** "Providing House Service Connection (HSC) for Garhwa Urban water Supply scheme under Garhwa Nagar Parishad"

**NIT No:** - JUIDCO/NIT/HSC/GarhwaWS/24/625

**Tender ID.:** 2024_UDD_89089_1

**PR No.:** 331359

This is for information of all the bidders that following Corrigendum are being made in documents (Ref. JUIDCO/NIT/HSC/GarhwaWS/24/625 for **"Providing House Service Connection (HSC) for Garhwa Urban water Supply scheme under Garhwa Nagar Parishad"**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | As per RFP | As per Corrigendum 1 |
|---|---|---|---|
| 1 | Last Date/ Time of Bid Submission | 20.08.2024, 17:00 Hrs | 02.09.2024 17:00 Hrs |
| 2 | Last Date / Time of Submission of Tender Fee & EMD | 21.08.2024, 17:00 Hrs | 03.09.2024 17:00 Hrs |
| 3 | Date of Bid Opening | 21.08.2024, 17:30 Hrs | 03.09.2024 17:30 Hrs |

Sd/-
Project Director (Technical) JUIDCO Ltd.

PR 333192 Urban Development(24-25)D


## पृष्ठ एक के शेष

**सुप्रीम कोर्ट ने गठित किया...**

सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ये एक भयावह घटना है। हमने गरिमा का ख्याल रखा है। जब तक पुलिस पहुंचती, तब तक फोटो और वीडियो लिए जा चुके थे। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रोटोकॉल केवल कागज पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि ये पूरे देश में लागू होना चाहिए। कोलकाता में पीड़िता का नाम और फोटो देशभर की सभी मीडिया में प्रकाशित हुए। सिब्बल ने कहा कि जांच में पता चला कि यह एक हत्या का मामला है। तब चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या एफआईआर में हत्या का जिक्र है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अपराध की सूचना सुबह मिली। अस्पताल के प्रिंसिपल इस मामले को खुदकुशी बताते रहे। पीड़िता के माता-पिता को शव नहीं देखने दिया गया। तब सिब्बल ने कहा कि ये सही नहीं है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि देर रात तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी। पीड़िता का शव उसके माता-पिता को अंतिम संस्कार के लिए शाम को मिला। अगले दिन डॉक्टरों ने विरोध-प्रदर्शन किया और कुछ लोगों की भीड़ ने अस्पताल में घुसकर नुकसान किया। आखिर कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी। अस्पताल के अंदर अपराध हुआ है। पुलिस को क्राइम सीन की सुरक्षा करनी होती है। सिब्बल ने कहा कि आरोपित सिविक वालंटियर है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।सुप्रीम कोर्ट ने अस्पताल के प्रिंसिपल के व्यवहार पर आपत्ति जताई और कहा कि इस प्रिंसिपल को दूसरे कॉलेज में तुरंत प्रिंसिपल कैसे नियुक्त कर दिया गया। सीबीआई इस पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। चीफ जस्टिस ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग नहीं किया जाए। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशन में सांस्थानिक सुरक्षा का अभाव है। देररात तक ड्यूटी करने के बावजूद डॉक्टरों को कोई आराम की व्यवस्था नहीं है। 36 घंटे तक काम करने के बावजूद रेजिडेंट और नॉन रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए आराम करने का कमरा तक नहीं है। सफाई की बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। डॉक्टरों को उनके घर पहुंचने के लिए कोई परिवहन की व्यवस्था नहीं है। सीसीटीवी कैमरे काम नहीं करते हैं। हथियारों की पर्याप्त तलाशी की व्यवस्था नहीं है। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीजी ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। दस अगस्त को इस मामले में एक सिविल वॉलंटियर को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद पूरे देश में उबाल आ गया। देशभर में डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू कर दिया। 13 अगस्त को कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाल ही में हाई कोर्ट ने 14 अगस्त को प्रदर्शन के दौरान आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है।

**100 छात्राओं से गैंगरेप व ब्लैकमेल में...**

शुरू की और उसके खिलाफ सुनवाई चल रही है। आरोपितों में सलीम चिश्ती को पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर दरगाह क्षेत्र से गिरफ्तार किया था, जबकि जमील चिश्ती को अदालत से अग्रिम जमानत मिली थी। इस कांड के सरगना कहे जाने वाले नफीस चिश्ती को फरारी के दौरान दिल्ली की धौला कुआं चौकी के सिपाहियों ने महिला के वेश में बुर्का पहनकर बस में सफर करने के दौरान पकड़ा था। इसके बाद मुंबई निवासी इकबाल भाटी को पकड़ा गया। करीब 29 साल की फरारी काटने के बाद आरोपित सोहेल गनी ने अदालत में समर्पण किया था।इस बहुचर्चित मामले में एक आरोपित अलमास महारा मफरूर घोषित है। हालांकि, उसके अमेरिका में होने की सूचना बताई जाती है। उसके खिलाफ रेड कार्नर वारंट भी जारी हो चुका है। इस मामले में परवेज अंसारी, महेश लुधानी, हरीश तोलानी, कैलाश सोनी को निचली कोर्ट ने 1998 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी लेकिन बाद में इन्हें हाई कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया था। आरोपित पुरुषोत्तम उर्फ बबली ने जमानत पर बाहर आने के बाद 1994 में केस चलने के दौरान सुसाइड कर लिया था। एक अन्य आरोपित जहूर चिश्ती के खिलाफ एक लड़के के साथ कुकर्म का केस चल रहा है। फारुख चिश्ती को निचली कोर्ट ने 2007 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। 2013 में उसे भुगती हुई सजा पर ही हाई कोर्ट ने रिहा कर दिया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपितों ने रील डेवलप करने के लिए एक फोटो लैब में दी थी। न्यूड तस्वीरें देख लैब के कर्मचारियों की नीयत बिगड़ गई थी। उनके माध्यम से ही लड़कियों की न्यूड फोटो बाजार में आई। मास्टर प्रिंट कुछ लोगों के पास ही थे, लेकिन इनकी जेरोक्स कॉपी शहर में सकुर्लेट होने लगी। ये फोटो, जिसके भी हाथ में लगी, उसने लड़कियों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इस कारण कॉलेज की 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया। परेशान होकर कुछ छात्राओं ने हिम्मत दिखाई और पुलिस के पास पहुंचीं। केस में कई रईसजादों के नाम सामने आए थे। इसमें मास्टरमाइंड अजमेर यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष फारूक चिश्ती, नफीस चिश्ती और अनवर चिश्ती के नाम भी शामिल थे। तत्कालीन भैंरोसिंह शेखावत सरकार ने जांच सीआईडी को दी थी।

**पुलिस ने किया चोर गिरोह का...**

दौरान वे पहले घरों की रेकी किया करते थे। जिस कमरे में उन्हें चोरी करनी होती थी, उसके खिड़की के शीशे पर गुलेल से पत्थर मारकर पहले जांच कर लिया करते थे कि वहां कोई है तो नहीं। पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही वे वहां खिड़की के ग्रिल को पेचकश से खोलकर अंदर दाखिल होकर चोरी कर लिया करते थे। चोरी के दौरान वे मोबाइल लेकर नहीं जाया करते थे। पूर्व में ही वे सोनार से तय कर लिया करते थे कि चोरी का सामान उससे बेचेंगे। चोर चोरी को अंजाम देने के बाद बड़े शक्ति पीठों में पूजा किया करते थे। हांलाकि घटना में अभी कई लोगों के शामिल होने का अंदेशा है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अनुसंधान कर रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद कई राज खुल सकते हैं।

**बिहार के गया निवासी मनोज कुमार से बेचते थे चोरी के जेवर :** पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि चोरी में मिले सोना चांदी के जेवर को गया, बिहार के सोनार मनोज कुमार को बेचते हैं। मनोज कुमार (सोनार) को भी चोरी का जेवर खरीदने के लिये गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से कुल 48000 नगद रूपये के साथ चांदी के पांच बड़ा और पांच छोटा मछली, दो चांदी के कटोरा, चांदी का गिलास तथा चांदी का ही एक जोड़ा पायल बरामद किया गया है। बरामद सभी सामानों को पुलिस टीम के द्वारा जब्ती सूची बना कर जब्त किया गया है। इस गिरफ्तारी से लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिले के चोरी के कई कांडों का उद्भेदन हुआ है।

**गिरफ्तार हुए लोगों महिला और पुरूष दोनों :** इन कांडों में गट्टु उर्फ बादल पारदी,काशी नाथ पारदी उर्फ पार्या,रोमा बाई पारदी, योगी पारदी उर्फ गौरव गोंड, हरण पारदी, अंजली बाई पारदी, सीमा बाई पारदी ,गीता पारदी, रानी पारदी, गणेश पारदी, काबुल पारदी, पारस पारदी,गोखुल पारदी, सकरबती बाई पारदी, मंजली पारदी, सीतल बाई पारदी ,जय श्री पारदी, जितेन उर्फ रौशन पारदी, हिमेश पारदी, अभय पारदी, बाला बाई पारदी, सुमन चौहान उर्फ पारदी और मनोज कुमार, जो इनसे चोरी का सामान खरीदता था और वह बिहार के गया जिले के ग्राम चाकन निवासी को गिरफ़्तार किया गया है। छापामारी दल में मुख्य रूप से एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद,सह थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, शहर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक गुलशन बिरूआ, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार टू,पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकेश कुमार दुबे,पुलिस अवर निरीक्षक सुबोध कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप भारती, आरक्षी मो. मुश्ताक, रामजीत बास्के, राकेश कुमार सिंह,अमित कुमार सहित पलामू,गढ़वा और लातेहार के पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**दिल्ली में भाजपा के...**

जब उनसे झामुमो के सिंबल से ही चुनाव लड़ने की बात पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि मैंने इन सारी बातों की जानकारी पहले दे दी है। इतना कहकर वह आगे निकल गए। राजनीतिक गलियारों इस बात की चर्चा तेजी फैली है कि वह भाजपा ज्वॉइन करने वाले हैं। हालांकि, ये बात अब तक कयासों तक ही सीमित है। दूसरी तरफ, उनके साथ जिन विधायकों के झामुमो छोड़ने की बात कही जा रही थी, वे सभी इसे सिरे से खारिज कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन के 18 अगस्त के पोस्ट से झारखंड में सियासी भूचाल मचा हुआ है। चंपाई ने लिखा था कि तीन जुलाई को हुई विधायक दल की बैठक में कहा था कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में यदि कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक तथा आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों तक इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०-9

ई मेल- jepcpalamau@rediffmail.com

### आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रॉची के पत्रांक Court Case/01/685/2024/2747 दिनांक 26.07.2024 एवं सहायक रजिस्टार माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 6663 दिनांक 24.07.2024 के निदेशानुसार माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रॉची में दायर वाद सं0– WP (S) 6021/2023 एवं अन्य बनाम झारखण्ड सरकार व अन्य मामले में पारित न्यायादेश के आलोक में प्रखण्ड छतरपुर एवं नौडिहा बाजार के प्राथमिक विद्यालयो / सेक्शन (I to V/40:1) में अवैध रूप से चयनित सहायक अध्यापकों को सूचित किया जाता है कि अपना–अपना व्यक्तिगत रूप से पारा शिक्षक चयन, प्रखण्ड शिक्षा समिति से अनुमोदन, 15 दिवसीय आधार प्रशिक्षण, प्रथम मानेदय भुगतान, चयन के समय प्रस्तुत सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र, जे0टेट प्रमाण पत्र तथा संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन का स्थिति सहित साक्ष्य स्व–अभिप्रमाणित एवं विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा सत्यापित कराकर प्रथम अपीलीय पदाधिकारी (उपायुक्त) **समाहरणालय भवन ब्लाक 'सी' कमरा सं0 09 समग्र शिक्षा पलामू** में कार्यालय अवधि में दिनांक 30.08.2024 तक जमा करेंगे ताकि उक्त वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में कार्रवाई किया जा सके।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पलामू

PR 333212 District (24-25)_D

उपायुक्त,
पलामू

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०–9

ई मेल–jepcpalamau@rediffmail.com

### आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रॉची के पत्रांक Court Case/01/ 685/ 2024/2747 दिनांक 26.07.2024 एवं सहायक रजिस्टार माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 6663 दिनांक 24.07.2024 के निदेशानुसार माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रॉची में दायर वाद सं0– WP (S) 6021/2023 एवं अन्य बनाम झारखण्ड सरकार व अन्य मामले में पारित न्यायादेश के आलोक में प्रखण्ड छतरपुर एवं नौडिहा बाजार के उत्क्रमित मध्य विद्यालयों (VI to VIII UMS कोटि) में अवैध रूप से चयनित सहायक अध्यापकों को सूचित किया जाता है कि अपना–अपना व्यक्तिगत रूप से पारा शिक्षक चयन, प्रखण्ड शिक्षा समिति से अनुमोदन, 15 दिवसीय आधार प्रशिक्षण, प्रथम मानेदय भुगतान, चयन के समय प्रस्तुत सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र, जे0टेट प्रमाण पत्र तथा संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन का स्थिति सहित साक्ष्य स्व–अभिप्रमाणित एवं विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा सत्यापित कराकर प्रखण्ड स्तरीय अनुशासनिक–सह–प्रशासनिक प्राधिकार के सदस्य सचिव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नहर कालोंनी, हुसैनाबाद परिसर) के समक्ष कार्यालय अवधि में दिनांक 30.08.2024 तक जमा करेंगे ताकि उक्त वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में प्रखण्ड स्तरीय अनुशासनिक–सह–प्रशासनिक प्राधिकार के द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पलामू।

उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.333211 District (24-25):D


## पिछड़ा जाति वर्ग राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद का समर्थक : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी सह जिला अध्यक्ष बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव की अध्यक्षता में अयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में पिछड़ा जाति वर्ग की बड़ी आबादी है जो परंपरावादी राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद का समर्थक रहा हैं। पिछड़ा जाति मोर्चा की जिम्मेदारी है कि वे अपने वर्ग के बीच नरेंद्र मोदी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण हेतु चलते जा रहे योजनाओं को पहुंचाए। साथ ही हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार, अराजकता, शोषण, अपराध और तुष्टिकरण के विरुद्ध आंदोलन करें। राज्य सरकार विभिन्न विभागो के कुव्यवस्था से पीड़ित नागरिकों को उसका हक दिलाए। पिछड़ा जाति मोर्चा से पार्टी को बहुत उम्मीदें है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कोई भी दायित्व छोटा या बड़ा नही होता। भाजपा में काम का महत्व है, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में कार्यकर्ताओ को मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ में काम देकर उसका व्यक्तित्व विकास करती है फिर वही एक दिन संगठन का नेतृत्व करता है। इसलिए हर जिम्मेदारी को तन्मयता से निभाएं। उन्होंने 23 अगस्त युवा आक्रोश रैली, 25 अगस्त प्रधानमंत्री के मन की बात आगामी कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने विषय प्रवेश और स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओ से कहा कि राज्य सरकार के सभी विभाग भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 13/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 17.08.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला योजना अनाबद्ध राशि अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/48/ 2024-25 | हंटरगंज | सलैया | सलैया | Construction of PCC Road Postiya School se Rampravesh Prajapati ke dhar hote hue bandhan shaw ke dhar tak pcc path nirman | 24,91,600.00 | चौबीस लाख इक्यानबे हजार छः सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/49/ 2024-25 | हंटरगंज | कोबना | कोबना | Construction of PCC Road from Ambedkar Chowk se devi mandap tak pcc path nirman | 24,95,200.00 | चौबीस लाख पन्चानबे हजार दो सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/50/ 2024-25 | हंटरगंज | खुंटी केवाल खूर्द | खुंटी केवाल खूर्द | Construction of PCC Road from Auroo Mukhya path Bholu ram house through bheeya road | 24,80,200.00 | चौबीस लाख अस्सी हजार दो सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.333144 Rural Work Department(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू मेदिनीनगर

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2024-25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक–24.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू |
| 5. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–28.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक। |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–28.08.2024 को 3.00 बजे |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू |
| 8. | कार्य की विस्तृत विवरणी। | :– | |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GP-1 | ग्राम जमुआ में रघुनाला पईन से वार्ड 5 तक पी0सी0सी0 सिंचाई नाला का निर्माण। | हुसैनाबाद | 19.649 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| | ग्राम कुर्मीपुर में चौआचटन देवी धाम से कुर्मीपुर आहर तक गार्डवाल निर्माण। | हुसैनाबाद | | | | |
| | ग्राम बड़ेपुर में सोन नदी के किनारे गार्डवाल निर्माण। | हुसैनाबाद | | | | |
| GP-2 | ग्राम बड़ेपुर में मेन रोड से सोन नदी के किनारे पी0सी0सी0 पईन निर्माण। | हुसैनाबाद | 21.761 | 44000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| | ग्राम सेमरबार में बटाने नहर से भंडार मौजा होते हुए वशिष्ट पासवान के घर तक पईन निर्माण। | हरिहरगंज | | | | |
| GP-3 | ग्राम सेमरबार में बटाने नहर से होते हुए सेमरबार स्कूल से सूर्यदेव ठाकुर के घर तक सिंचाई पईन निर्माण। | हरिहरगंज | 24.389 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| | ग्राम सरसोत में लेवा बांध से डिहवार स्थान तक सिंचाई पईन निर्माण। | हरिहरगंज | | | | |
| GP-4 | ग्राम खड़गपुर में बलराम शर्मा के घर से चतुरगण बारी वार्ड–01 तक पईन निर्माण। | हरिहरगंज | 20.459 | 42000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| | ग्राम खड़गपुर में बटाने नहर से दाहिने से टोन्गर होते हुए श्रवण सिंह के खेत तक सिंचाई पईन निर्माण। | हरिहरगंज | | | | |
| | ग्राम सरसोत में हदियाही नाला से बुधिया बखार होते हुए बड़का आहर तक सिंचाई पईन निर्माण। | हरिहरगंज | | | | |
| GP-5 | ग्राम सुशीगंज में रेखा भुईया डेम से पटसारा होते हुए दुजोड़ी महुआ तक सिंचाई पईन निर्माण। | छतरपुर | 9.941 | 20000.00 | 1250.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तेः–

9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –70044613848271744120
10. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
11. निविदादाता को UCAN Registration अनिवार्य हैं।
12. निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत योजना कार्य पूर्ण करने के इच्छुक संवेदक ही निविदा में भाग लें।
13. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू

PR 333209 NREP(24-25).D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## बाइडेन ने हैरिस को सौंपी मशाल कहा- लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए



**शिकागो।** डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में सोमवार को यहां राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को मशाल सौंपते हुए कहा 'लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए।' उन्होंने सम्मेलन की पहली रात राष्ट्रपति पद की डेमाक्रेटिक उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की निडरता के लिए सराहना की। इस दौरान राष्ट्रपति बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। उन्होंने कहा, जब हम ओवल ऑफिस में एक दोषी अपराधी के बजाय एक अभियोजक को नियुक्त करेंगे, तो अपराध में कमी आती रहेगी। राष्ट्रपति ने मंच पर आने के बाद अपनी आंखें पोंछीं। इसके बाद भाषण दिया। इस बीच भीड़ ने वी लव जो! के नारे लगाए।

## बारिश से पाकिस्तान में 24 घंटे में 20 की मौत, कुल आंकड़ा 215 पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में मानसून से संबंधित घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। अब तक मरने वालों की संख्या 215 हो गई है। एनडीएमए ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं और बाढ़ के कारण कुल 43 लोग घायल हुए हैं। जुलाई में शुरू हुए मानसून के मौसम में घायल होने वालों की संख्या 405 हो गई है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि मृतकों में 108 बच्चे और 32 महिलाएं शामिल हैं। 86 मौतों के साथ पूर्वी पंजाब प्रांत सबसे अधिक प्रभावित रहा। इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र और दक्षिणी सिंध प्रांत में 65 और 37 मौतें हुई हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने पर मस्क देश की सेवा के लिए तैयार



**सैन फ्रांसिस्को।** दिग्गज कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के जीतने पर अमेरिकी सरकार में योगदान देने के लिए तैयार हैं। इसके तहत वह सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के इच्छुक हैं। ट्रंप ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर वो चुनाव जीतते हैं, तो वह मशहूर अरबपति मस्क को कैबिनेट में मंत्री के तौर पर या किसी सरकारी विभाग के सलाहकार पद पर नियुक्त करने पर विचार कर सकते हैं। इस पर मस्क ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, "मैं देश की सेवा करने को तैयार हूं।

### एक साक्षात्कार में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा

# संकट की स्थिति में है बंगाल

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले को समाज के लिए सबसे शर्मनाक पल करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल संकट की स्थिति में है और जनता ने वर्तमान सरकार से विश्वास खो दिया है। उन्होंने मृत डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर आयोजित रैली पर सवाल उठाने वाले ममता बनर्जी के बयान को शब्दजाल बताया। राज्यपाल बोस ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा, बंगाल संकट की स्थिति में है। छात्रों ने सरकार से विश्वास खो दिया है, युवा डरे हुए हैं और महिलाएं निराश हैं। यह भावना बढ़ रही है कि जो सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए है, वह अपनी भूमिका निभाने में असफल हो रही है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो गई। घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। डॉक्टरों ने



> युवा डरे हुए और महिलाएं भी निराश हैं
>
> वर्तमान सरकार से जनता का विश्वास उठा

पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है और कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा के लिए कानून बनाने की भी अपील की है।बोस ने कहा, छात्रों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है। खासकर, महिला डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। आम नागरिक भी दुखी हैं कि जब कार्रवाई की जरूरत होती है, तब सरकार कोई कदम नहीं उठाती। उन्होंने कोलकाता पुलिस पर अपराधीकरण और राजनीतिकरण का आरोप लगाते हुए, सरकार के कार्यों और जनता की जरूरतों के बीच एक संभावित अलगाव की बात कही। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री की स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक रैली में स्वास्थ्य मंत्री ने गृह मंत्री से परिसरों में सुरक्षा की कमी की शिकायत की। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री से कार्रवाई न होने की शिकायत की। लोग जानते हैं कि स्वास्थ्य मंत्री और गृह मंत्री दोनों मुख्यमंत्री ही हैं। यह स्थिति डॉ जेकिल और मिस्टर हाइड की तरह है- हर कोई जानता है कि कौन क्या है। यह हास्यास्पद है कि बंगाल की मुख्यमंत्री न्याय की मांग करती फिरती हैं। राज्यपाल बोस ने सरकार की स्थिति को जब रोम जल रहा था, नीरो बांसुरी बजा रहा था से तुलना करते हुए सरकार पर जनता की सुरक्षा में असफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने इस स्थिति को राष्ट्रीय शर्म करार देते हुए कहा, यह बंगाल के समाज के लिए सबसे शर्मनाक और मानवता के लिए सबसे चिंताजनक पल है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा मृत डॉक्टर के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की पेशकश पर भी सवाल उठाया। उन्होंने इसे असंवेदनशील और अनुचित बताते हुए कहा, यह बहुत अमानवीय है कि एक मूल्यवान जीवन को केवल एक मौद्रिक मूल्य में समेट दिया जाए। मुख्यमंत्री को समझना चाहिए कि पैसे से चुप्पी नहीं खरीदी जा सकती।

14 अगस्त को अपने सार्वजनिक संबोधन में ममता बनर्जी ने कहा था, पीड़िता अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन मैंने उसके माता-पिता से पूछा था कि क्या वे अपनी बेटी के नाम पर कुछ करना चाहेंगे और मैं वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हूं। हां, हम परिवार को 10 लाख रुपये देने के लिए तैयार हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 14 अगस्त की रात हुई तोड़फोड़ को लेकर राज्यपाल बोस ने सवाल उठाया कि क्या यह घटना डॉक्टर की हत्या से ध्यान हटाने के लिए की गई थी और इसे भीड़तंत्र द्वारा लोकतंत्र को बाधित करने की स्थिति करार दिया।

## बंगाल गवर्नर ने दिल्ली से मृत महिला डॉक्टर के पिता से की बात, न्याय का दिया भरोसा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दिल्ली से आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार की शिकार हुई मृत महिला डॉक्टर के पिता से बात कर उन्हें न्याय के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। दिल्ली दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर चुके और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की संभावनाओं के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में चल रहे आंदोलन को लेकर एक मोबाइल कंट्रोल रूम की भी स्थापना की है। कोई भी इस मोबाइल कंट्रोल रूम में फोन कर राज्यपाल को जानकारी दे सकता है।

### भाजपा ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

## ममता बनर्जी के सरकार में राज्य में हो रहा अपराधियों के हौसले बुलंद : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय निर्दोष लोगों पर कार्रवाई कर रही है। इसके चलते राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार को आरजी कर कॉलेज के निदेशक से पूछताछ करनी चाहिए थी, लेकिन राज्य सरकार उन लोगों पर कार्रवाई कर रही है।

# भारत-मलेशिया संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने मंगलवार को अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच मंगलवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच श्रमिकों की भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर समझौता ज्ञापन हुआ है।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए हैं। मलेशिया संस्थापक सदस्य के रूप में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) में शामिल होगा। भारत की ओर से मलेशिया को 2 लाख मीट्रिक टन सफेद चावल का विशेष आवंटन किया जाएगा। मलेशियाई नागरिकों के लिए 100 अतिरिक्त आईटीईसी स्लॉट का आवंटन किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि वार्ता में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ एक नए भविष्य की रूपरेखा तैयार हुई है। इससे दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को अधिक गति मिलेगी।

नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। चर्चा में व्यापार और निवेश, रक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। नेताओं ने आसियान और ग्लोबल साउथ में सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार कहते हैं, आज इस दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें एक महत्वपूर्ण क्षेत्र भर्ती, रोजगार और श्रमिकों की वापसी है। भारत सरकार और मलेशिया सरकार के बीच श्रमिकों की भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर समझौता ज्ञापन हुआ है। इसके अलावा आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग, डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग, संस्कृति, कला और विरासत, पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग, युवा और खेल में सहयोग, लोक प्रशासन और शासन सुधारों के क्षेत्र में सहयोग, पारस्परिक सहयोग के संबंध में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र सेवा प्राधिकरण (आईएफएससीए) और लाबुआन वित्तीय सेवा प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है।



भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर हुआ समझौता

इसके अलावा, मलेशिया के टुंकू अब्दुल रहमान विश्वविद्यालय (यूटीएआर) में आयुर्वेद चेयर की स्थापना की जाएगी। मलेशिया के मलाया विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन के तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना होगी। भारत-मलेशिया स्टार्टअप एलायंस के तहत दोनों देशों में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के बीच सहयोग होगा।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** आज से कुछ साल पहले लोग अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए विभिन्न प्रकार के तरीके जैसे पोस्टर,टेम्प्लेट, विज्ञापन, अखबारों द्वारा अपनी वस्तुओं की मार्केटिंग करते थेऔर ग्राहकों तक पहुंचाते थे। लेकिन ये सब क्रियाएं (साधन) बहुत ही कम ग्राहकों को लुभा पाती थी, इसलिए व्यापारियों ने अपनी चीजों की मार्केटिंग का तरीका बदला और आजकल हर कोई ऑनलाइन खरीदारी, पैसे भेजने हो या लेने हो, पढ़ाई से जुड़े विभिन्न प्रकार के कोर्स आदि अपने फोन या लैपटॉप से आसानी से कर सकते हैं। साल 2000 के बाद ज्यादा लोकप्रिय होना शुरू हुआ। जब इंटरनेट में सर्च इंजन मार्केटिंग, सोशल मीडिया, ऐप्स आदि का विकास हुआ तब से यह शब्द लोगों के लिए आम बन गया। डिजिटल मार्केटिंग वह है जिसमें हम अपने मोबाइल और कंप्यूटर जैसे डिजिटल उपकरणों द्वारा अपने प्रोडक्ट को विश्व स्तर पर प्रचार कर सकते हैं। 1980 के दशक में सर्वप्रथम कुछ प्रयास किये गये डिजिटल मार्किट को स्थापित करने में परंतु यह सम्भव नही हो पाया। 1990 के दशक मे आखिर मे इसका नाम व उपयोग शुरु हुआ।

# डिजिटल मार्केटिंग दे रहा है करियर के अवसर



## डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कैसे करें

*डिजिटल मार्केटिंग के कोर्सेज ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किए जा सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम में आप गूगल के फ्री सर्टिफाइड कोर्स कर सकते हैं और ऑफलाइन माध्यम में आप कोर्स अपने शहर के किसी अच्छे इंस्टिट्यूट से कर सकते हैं। गुगल से आप घर बैठे ही मुफ्त में इस कोर्स को सीख सकते हैं। इसके लिए आपको इन दो वेबसाइटों पर जाना है-*

**1. गूगल डिजिटल अनलोक्ड    2. गूगल स्किल शोप**

*यह दोनों ही गूगल की वेबसाइट है जहां से आप घर बैठे आसानी से सीख सकते हैं, नीचे कुछ महत्वपूर्ण बिंदु हैं-*

1. गूगल की इन दोनों ही वेबसाइटों के द्वारा आप बिना किसी फीस के इस कोर्स को सीख सकते हैं।
2. जब आप यहां से कोर्स ख़तम कर लेते हैं तो आपको गूगल की तरफ से सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। इस सर्टिफिकेट की अन्य के मुकाबले काफी अहमियत होती है।
3. गूगल डिजिटल अनलॉक से आप डिजिटल मार्केटिंग की बुनियादी बातों सीख सकते है वो भी टेक्स्ट और वीडियो दोनों फॉर्मेट में। यहां से आप डिजिटल मार्केटिंग की बारीकियों को बहुत अच्छे तरीके से समझ सकते है।
4. कोर्स को अनलॉक करने के लिए आपको आपके गूगल अकाउंट से साइन-अप करना होगा।
5. साइन-अप करने के बाद आपके सामने कोर्सेज की डिटेल आ जाएगी, जिसमें 26 मॉड्यूल होंगे जिनकी अवधि 40 घंटे होगी।

## टॉप भारतीय डिजिटल मार्केटिंग संस्थान

**नीचे डिजिटल मार्केटिंग संस्थान के नाम इस प्रकार हैं-**

- सिम्पलीलर्न, बैंगलोर
- एआईएमए अखिल भारतीय प्रबंधन संघ, दिल्ली
- डीएसआईएम दिल्ली स्कूल ऑफ इंटरनेट मार्केटिंग, दिल्ली और बैंगलोर
- लर्निंग कैटलिस्ट, मुंबई
- डिजिटल विद्या, पूरे भारत में शाखाएं
- नई दिल्ली वाईएमसीए, दिल्ली
- जिका, इंदौर
- डिजिटल मार्केटिंग संस्थान- आईडीएम, मुंबई
- इंटरनेट मार्केटिंग स्कूल, कोलकाता

## डिजिटल मार्केटिंग में करियर

- कंटेंट मार्केटर
- कॉपीराइटर
- कन्वर्शन रेट ऑप्टिमाइजेशन
- पीपीसी मैनेजर/एग्जीक्यूटिव
- एसईओ एग्जीक्यूटिव/मैनेजर
- एसईएम मैनेजर/एक्सपर्ट
- सोशल मीडिया मैनेजर/एग्जीक्यूटिव
- ई-कॉमर्स मैनेजर
- एनालिटिकल मैनेजर
- सीआरएम एंड ईमेल मार्केटिंग मैनेजर
- वेब डिजाइनर/डेवलपर और डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर/निदेशक
- एसईओ एग्जीक्यूटिव/मैनेजर